DELHI CRIME 16 june 2022:Layout 1 6/15/2022 8:38 PM Page 1


निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

RNI No. DELHIN/2005/15378 | DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 | वर्ष-01 | वीरवार 16 जून 2022 | पीडीएफ अंक-57 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क


### मौसम

अधिकतम –37 | सूर्योदय – 5 : 23
न्यूनतम – 30 | सूर्यास्त – 7 : 20

### सोना चांदी

सोना – 52385.00 प्रति 10 ग्र | चांदी – 59800.00 किलो

### अर्थसार

सैंसेक्स – 52541.39 | निफ्टी – 15692.15
रु/यूएस डॉलर – 78.09 | रु/यूरो – 81.31

## सभ्य समाज में आतंकवाद, द्वेष और विभाजनकारी प्रवृत्तियों का कोई स्थान नहीं : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने आज मानवता की प्रगति के लिए विश्व शांति की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि एक सभ्य समाज में, आतंकवाद, द्वेष तथा विभाजनकारी प्रवृत्तियों के लिए कोई स्थान नहीं है। उपराष्ट्रपति नायडू ने बुधवार को उपराष्ट्रपति निवास में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेटिक लीडरशिप के युवा विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए कहा भारत न केवल अपनी संस्कृति पर गौरव करता है बल्कि सभी संस्कृतियों और मतों का सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि हम वसुधैव कुटुंबकम् के आदर्श का पालन करने वाले हैं। भारत विश्व का सबसे धर्मनिरपेक्ष देश है जहां, किसी भी मजहब का कोई भी नागरिक देश के सर्वोच्च पद पर आसीन हो सकता है। "विविधता में एकता" की अवधारणा को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि शेयर एंड केयर



भारतीय सभ्यता का मूलमंत्र रहा है। किसी की धार्मिक आस्था या धार्मिक विभूति को नीचा दिखाना, उस भारतीय संस्कृति के विरुद्ध है जिसमें विविधता को सौहार्द के साथ स्वीकार और समाविष्ट किया जाता है। उपराष्ट्रपति ने कहा किसी को किसी भी मत के विरुद्ध तल्ख और अपमानजनक वक्तव्य नहीं दिया जाना चाहिए। यह स्वीकार्य नहीं है। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर पूंछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यद्यपि विरोध करना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन हिंसक विरोध से देश के हितों को नुकसान पहुंचता है। विधायी निकायों में होने वाले व्यवधानों पर चिंता व्यक्त करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा वार्ता, विमर्श और निर्णय से ही समाधान हो सकता है व्यवधान उत्पन्न करने से नहीं। उन्होंने राजनैतिक दलों से अपेक्षा की कि वे खुद विचार करें कि व्यवधान उत्पन्न करके, वे लोकतंत्र को मजबूत कर रहे हैं या कमजोर। उन्होंने मीडिया से भी आग्रह किया कि वो सदन में होने वाले व्यवधानों पर ध्यान देने के बजाय रचनात्मक बहसों को अधिक महत्व दे। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने राजनीति सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं को पर्याप्त भागीदारी देने की वकालत की। नेतृत्व के लिए आवश्यक गुणों की चर्चा करते हुए नायडू ने विद्यार्थियों से कहा कि सार्वजनिक जीवन में अनुशासन तथा जनहित के प्रति निष्ठापूर्ण समर्पण जरूरी है। उन्होंने कहा कि " विचारधारा से अधिक आचरण का महत्व होता है"। एक अच्छे नायक के लिए टीम भावना से काम करना, अच्छी संवाद शैली तथा जनता के साथ निरंतर संवाद कायम रखना जरूरी है।

## दिल्ली हाई कोर्ट में कार्ति चिदंबरम की अग्रिम जमानत पर अगली सुनवाई 24 जून को होगी



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस अनूप कुमार मेंहदीरत्ता ने चीनी नागरिकों को वीजा दिलवाने में रिश्वत लेने के मामले में पी चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदंबरम की अग्रिम जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 24 जून को करने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान कार्ति चिदंबरम की ओर से वकील कपिल सिब्बल के मौजूद नहीं होने के कारण सुनवाई टाली गई। 8 जून को सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से एएसजी एसवी राजू और कार्ति चिदंबरम की ओर से वकील कपिल सिब्बल ने दलीलें रखी थीं। 3 जून को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कार्ति चिदंबरम की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सीबीआई ने 14 मई को पी चिदंबरम के आवास पर तलाशी के बाद मामला दर्ज किया गया था। कार्ति चिदंबरम पर आरोप है कि उसने अवैध रूप से 50 लाख रुपये की रिश्वत प्राप्त करने के बाद 250 चीनी नागरिकों को वीजा की सुविधा प्रदान कर रहे थे। सीबीआई के मुताबिक टीएसपीएल ने बेल टूल्स लिमिटेड को 50 लाख की राशि का भुगतान किया, जिसने इसे चीनी वीजा के लिए रिश्वत के रूप में एस भास्कर रमन को दिया था।

### न्यूज फ्लैश

## एक और क्वाड ने आकार लिया, जल्द होगी बैठक, पीएम मोदी और राष्ट्रपति बाइडेन भी लेंगे बैठक में हिस्सा

**नई दिल्ली।** भारत-जापान-ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका के बीच चार देशों का एक संगठन बना था, जिसने अब क्वाड के रूप में साकार रूप ले लिया है। चारों देशों के प्रमुखों की हाल के दिनों में जापान में बैठक हुई है। इस बीच एक अन्य क्वाड का गठन किया गया है। इसमें भी भारत प्रमुख सदस्य है। इस क्वाड में इंडिया-इजराइल, यूनाइडेट अरब अमीरात-यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका शामिल होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक इसकी एक वर्चुअल बैठक बहुत जल्द होने वाली है जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन सहित अन्य देशों के प्रमुख भाग लेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर इस क्वाड को साकार रूप देने के लिए येरूशेलम में हैं। इसमें चार देशों के बीच क्वाड फोरम बनाने का निर्णय भी ले लिया गया है। एस जयशंकर ने येरूशेलम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चारों देशों के विदेश मंत्रियों के साथ इस पर विस्तार से चर्चा भी की है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन मध्य पूर्व की अपनी पहली यात्रा पर जाने वाले हैं। बाइडेन 13 से 16 जुलाई के बीच मध्य पूर्व देशों में रहेंगे। इसी दौरान आई2 यू2 की एक वर्चुअल बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजराइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जाएद के साथ शिरकत करेंगे। एक अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक इस फोरम का यह अब तक की सबसे उच्च स्तरीय बैठक होगी। इस बैठक में खाद्य सुरक्षा और सहयोग के अन्य क्षेत्रों के बारे में विचार विमर्श किया जाएगा। इस बैठक में उन जगहों पर सहयोग की भी चर्चा की जाएगी, जहां संयुक्त अरब अमीरात और इजराइल महत्वपूर्ण इननोवेशन हब के रूप में काम करते हैं। गौरतलब है कि 2017 में पीएम नरेंद्र मोदी के जेरूशेलम पहुंचने के बाद से भारत और इजराइल के बीच संबंध नई बुलंदियों पर पहुंच गए हैं। भारत-इजराइल-अमेरिका और यूएई के इस नए क्वाड को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उम्मीद जताई है कि यह फोरम इस क्षेत्र के आर्थिक सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका अपनाएगा। यह बैठक ऐसे समय में होगी जब बाइडेन अगले महीने से अपनी पहली मध्य पूर्व की यात्रा पर जा रहे हैं। वे 13 से 16 जुलाई के बीच इजराइल, वेस्ट बैंक, सऊदी अरब की यात्रा पर रहेंगे। व्हाइट हाउस ने उनकी इस यात्रा की पुष्टि कर दी है। बाइडेन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति इजराइल से अपनी यात्रा की शुरूआत करेंगे। यहां वे पीएम नफ्टाली बेनेट के साथ देश की सुरक्षा और समृद्धि पर चर्चा करेंगे।

## ममता की बैठक से दूर रहे आप, टीआरएस और ओवैसी

**-राष्ट्रपति चुनाव के मद्देनजर विपक्ष की ओर से आम उम्मीदवार खड़ा करने के लिए थी बैठक**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति चुनाव के मद्देनजर विपक्षी एकजुटता के लिए तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। बैठक में कांग्रेस, शिवसेना, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, वाम दल समेत 17 दलों ने हिस्सा लिया। हालांकि, आम आदमी पार्टी, तेलंगाना राष्ट्र समिति, एआईएमआईएम जैसे दलों ने इस बैठक से किनारा कर लिया। यहां कांस्टीट्यूशन क्लब में हुई बैठक में सभी दलों ने एकजुट होकर एक आम उम्मीदवार के नाम पर सहमति बना राष्ट्रपति चुनाव में उतारने का फैसला किया। ममता बनर्जी ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि आज की बैठक में सभी पार्टियों थीं। बैठक में तय हुआ कि हम केवल एक आम सहमति वाले उम्मीदवार का चयन करेंगे। हर दल उस उम्मीदवार को समर्थन देगा। उन्होंने कहा कि बैठक में शामिल सभी दल एक-दूसरे से सलाह मशविरा करेंगे। आगे फिर से सभी दलों की एक बैठक होगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्षी दलों को राष्ट्रपति चुनाव के लिए आम सहमति के साथ उम्मीदवार तय करने में कांग्रेस रचनात्मक भूमिका निभाएगी। वहीं, सुधीन्द्र कुलकर्णी ने कहा कि बैठक में शामिल सभी दलों ने आगामी राष्ट्रपति चुनाव में एक आम उम्मीदवार के नाम पर सहमति बनाने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसा उम्मीदवार चुनेगें जो वास्तव में संविधान के संरक्षक के रूप में काम कर सके और मोदी सरकार को भारतीय लोकतंत्र और सामाजिक ताने-बाने को और नुकसान पहुंचाने से रोक सके। बैठक में शामिल होने वाले दलों में कांग्रेस, माकपा, भाकपा, भाकपा-एमएल, आरएसपी, शिवसेजना, राक्रांपा, राजद, सपा, नेशनल कांफ्रेंस, जनता दल-एस, राष्ट्रीय लोकदल, आईयूएमएल और झारखंड मुक्ति मोर्चा शामिल रहे।

## श्रीनगर के पंथाचौक में बाबा अमरनाथ के श्रद्धालुओं को ठहराया जायेगा

**श्रीनगर।** बाबा अमरनाथ की 30 जून से शुरू हो रही पवित्र यात्रा के दौरान श्रीनगर के पंथाचौक में श्रद्धालुओं को ठहराने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए प्रबंध तेजी के साथ किए जा रहे हैं। बाबा अमरनाथ की यह यात्रा 11 अगस्त रक्षा बंधन वाले दिन समाप्त हो जाएगी। श्रीनगर के डिप्टी कमिश्नर मोहम्मद एजाज असद ने पंथाचौक में ट्रांजिट कैंप का दौरा कर यात्रा कार्यों और अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं को दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। डिप्टी कमिश्नर ने साफ-सफाई के चल रहे कार्यो को भी देखा। उन्होंने प्री-फैब्रिकेटिड हट, लंगर लगाने के लिए प्रस्तावित जगह, जल प्रबंधन, सेल्फ हेल्प ग्रुप की तरफ से लगाए जाने वाले स्टाल और पानी, बिजली व अन्य सुविधओं की भी समीक्षा की। डिप्टी कमिश्नर को बताया गया कि दो प्री-फैब्रिकेटिड हट बनाए जाने का काम पूरा हो चुका है और चार अन्य प्री-फैब्रिकेटिड हट का कार्य इस सप्ताह के अंत तक पूरा हो जाएगा जिससे श्रद्धालुओं के ठहराने की क्षमता अधिक हो जाएगी। डिप्टी कमिश्नर ने निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने और इसे दो दिन में पूरा करने के लिए कहा। इस कैंप में 50 से अधिक वाटर टैंक लगाए गए हैं। उन्हें बताया गया कि इस दौरान एक सौ मोबाइल वॉशरूम और 50 मोबाइल शौचालय उपलब्ध होंगे। उन्होंने नियमित तौर पर कैंप में साफ सफाई की व्यवस्था करनें के निर्देश दिए। बता दें कि बीते दो साल कोरोना महामारी के चलते बाबा अमरनाथ की यात्रा स्थगित रही। दो साल बाद वर्ष 2022 में बाबा अमरनाथ की यात्रा कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच आयोजित की जा रही है।

## ईडी व अन्य एजेन्सियां बनीं भाजपा का प्रचार साहित्य : आदित्य ठाकरे

**लखनऊ/अयोध्या।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और वहां के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के सुपुत्र आदित्य ठाकरे ने कहा है कि वह अयोध्या राजनीति करने नहीं बल्कि भक्त बनकर आये हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी से लगातार हो रही ईडी की पूछताछ पर उन्होंने कहा कि ईडी और अन्य दूसरी जांच एजेंसियां भाजपा का प्रचार साहित्य बनकर रह गई हैं। बुधवार को अयोध्या पहुंचे आदित्य ठाकरे ने अयोध्या में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि 2018 में जब शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे अयोध्या आए थे तो हमने पहले मंदिर फिर सरकार का नारा दिया था। इसी नारे के साथ ही माहौल बनता गया। 2019 में सुप्रीम कोर्ट से निर्णय भी आ गया और मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। मथुरा के सवाल पर कहा कि कोर्ट के निर्णय से राममंदिर का निर्माण हो रहा है, हमें खुशी है। हम इसी को आगे ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज रामलला का दर्शन करेंगे और आशीर्वाद लेंगे कि हमारे हाथ से जो भी देश सेवा, महाराष्ट्र के लोगों की सेवा हो वह अच्छी हो। आदित्य ठाकरे ने कहा कि अयोध्या में महाराष्ट्र सदन के निर्माण की हमारी इच्छा है। इसके लिए उद्धव ठाकरे सीएम योगी आदित्यनाथ से वार्ता भी करेंगे। महाराष्ट्र सदन के निर्माण के लिए उनसे जगह मांगेंगे। इस बीच आदित्य ठाकरे के अयोध्या दौरे का विरोध हनुमानगढ़ी के पुजारी राजू दास और जगद्गुरु परमहंसाचार्य ने किया। उनका कहना है कि अब हिंदू सजग और सतर्क हो चुका है। शिव सेना के मंत्री आदित्य ठाकरे का अयोध्या दौरा पूरी तरीके से राजनैतिक है।

## उप्र में बुलडोजर एक्शन रोकने के लिए जमीयत की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट उत्तर प्रदेश में तोड़फोड़ (बुलडोजर एक्शन) के खिलाफ जमीयत-उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर आज यानी 16 जून को सुनवाई करेगा। जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस विक्रम नाथ की वेकेशन बेंच सुनवाई करेगी। जमीयत ने याचिका दायर कर उप्र में आगे कानून का पालन किए बगैर कोई भी तोड़फोड़ नहीं करने का दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है। याचिका में मांग की गई है कि बिना किसी कानूनी प्रक्रिया का पालन किए घरों को गिराने वाले अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जमीयत-उलेमा-ए-हिंद की यह याचिका दिल्ली के जहांगीरपुरी में दुकानों और घरों को



गिराने के विरोध में दायर याचिका के संदर्भ में दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट जहांगीरपुरी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर रोक लगा चुकी है। वकील कबीर दीक्षित और सरीम नावेद की ओर से दाखिल इस नयी याचिका में कहा गया है कि कानपुर में आरोपितों की आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने का कानून से इतर कोई भी कार्रवाई करने पर रोक लगाने का दिशा-निर्देश जारी किया जाए। याचिका में कहा गया है कि भाजपा के दो नेताओं की ओर से कुछ आपत्तिजनक बयान जारी किए गए, जिससे देश के कई हिस्सों में सांप्रदायिक तनाव पैदा हो गया। इन दोनों नेताओं के बयानों के विरोध में कानपुर शहर में बंद का आह्वान किया गया था। इस दिन दो समुदायों के बीच पत्थरबाजी हुई। इसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री समेत दूसरे अधिकारियों ने सार्वजनिक बयान दिया कि संदिग्धों की संपत्ति कुर्क की जाएगी और उन्हें बुलडोजर से गिराया जाएगा। याचिका में कहा गया है कि आरोपितों को नोटिस दिए बिना और उनका पक्ष सुने बिना उनकी संपत्ति को नहीं गिराया जा सकता है।

## 'अग्निवीरों' के लिए तीन वर्षीय विशेष डिग्री कार्यक्रम शुरू करेगा इग्नू : शिक्षा मंत्रालय

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के तहत सशस्त्र बलों में सेवा देने वाले अग्निवीरों के लिए कौशल प्रशिक्षण को मान्यता देने के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) तीन साल का एक कौशल-आधारित स्नातक डिग्री कार्यक्रम शुरू करेगा। शिक्षा मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 14 जून को भारतीय युवाओं के लिए अग्निपथ नामक सशस्त्र बलों में सेवा करने के लिए एक आकर्षक भर्ती योजना को मंजूरी दी और इस योजना के तहत चुने गए युवाओं को अग्निवीर के रूप में जाना जाएगा। अग्निपथ देशभक्त और प्रेरित युवाओं को चार साल की अवधि के लिए सशस्त्र बलों में सेवा करने की अनुमति देता है। अग्निपथ योजना को सशस्त्र बलों के युवा प्रोफाइल को सक्षम करने के लिए डिजाइन किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य रक्षा कर्मियों को नागरिक क्षेत्र में नौकरियों




के लिए तैयार करना है। अग्निवीरों की भविष्य की करियर संभावनाओं को बढ़ाने के लिए और उन्हें नागरिक क्षेत्र में विभिन्न नौकरी की भूमिकाओं के लिए सुसज्जित करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय रक्षा कर्मियों की सेवा के लिए एक विशेष, तीन वर्षीय कौशल आधारित स्नातक डिग्री कार्यक्रम शुरू कर रहा है जो रक्षा प्रतिष्ठानों में उनके कार्यकाल के दौरान उनके द्वारा प्राप्त कौशल प्रशिक्षण को मान्यता देगा। इस कार्यक्रम को इग्नू द्वारा डिजाइन और निष्पादित किया जाएगा। अग्निवीरों को स्नातक डिग्री के लिए आवश्यक 50 प्रतिशत क्रेडिट कौशल प्रशिक्षण (तकनीकी और गैर-तकनीकी) से आएगा और शेष 50 प्रतिशत भाषा, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन, समाजशास्त्र, गणित, शिक्षा, वाणिज्य, पर्यटन, व्यावसायिक अध्ययन, कृषि और ज्योतिष, पर्यावरण अध्ययन और संचार कौशल में एबिलिटी इन्हान्समेंट कोर्स जैसे विषयों की एक विस्तृत विविधता को कवर करने वाले पाठ्यक्रमों से आएगा। यह कार्यक्रम यूजीसी मानदंडों के साथ और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अनिवार्य राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क / राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के साथ जुड़ा हुआ है। इसमें कई निकास बिंदुओं का भी प्रावधान है।

## हिंसा की आड़ में भ्रष्टाचार छुपा रही है कांग्रेसः भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) ने बुधवार को कहा कि यह साबित हो गया है कि कांग्रेस केवल एक परिवार की पार्टी है। यह साफ है कि कांग्रेस में पद और कद कोई महत्व नहीं रखता है। पार्टी ने कहा कि कांग्रेस हिंसा की आड़ लेकर भ्रष्टाचार को छुपाने का प्रयास कर रही है। भाजपा प्रवक्ता डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सवाल किया कि कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री अपने राज्य सरकारों का काम छोड़कर विगत तीन दिनों से दिल्ली में क्या कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि क्या ये उन राज्य सरकारों में जिन्होंने कांग्रेस को लोकतांत्रिक तरीके से चुना था, उनके साथ ये धोखा नहीं है? उन्होंने कहा कि राहुल गांधी आज न कांग्रेस के अध्यक्ष हैं और ना नेता प्रतिपक्ष हैं, वो केवल एक सांसद हैं। बावजूद, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों के यहां रुके रहने से यह प्रमाणित हो रहा है कि कांग्रेस में पद और कद दोनों का कोई महत्व नहीं है, ये केवल और केवल परिवार की पार्टी है ये साबित हो गया



है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी से आज लगातार तीसरे दिन मनी लांड्रिंग मामले में ईडी पूछताछ कर रहा है। इसके विरोध स्वरूप कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेता दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे हैं। इस पर एतराज जताते हुए भाजपा नेता ने कहा सत्ता में रहते हुए सत्ताधारी पार्टी के ऊपर भ्रष्टाचार के तमाम आरोप आजादी के बाद से लग चुके हैं। परंतु अपनी पार्टी के अंदर भ्रष्टाचार, पार्टी की संपत्ति और धन का हरण कर लेना यह कांग्रेस का विचित्र उदाहरण है। यह विषय यूपीए सरकार के दौरान 1 नवंबर 2012 को प्रारंभ हुआ। इस विषय पर सरकार की किसी भी एजेंसी द्वारा कार्रवाई नहीं हुई, हाइकोर्ट के निर्देश के बाद कार्रवाई हुई और हाइकोर्ट के निर्देश पर ही उन्हें जमानत लेनी पड़ी। त्रिवेदी ने कहा कांग्रेस हिंसा की आड़ लेकर भ्रष्टाचार को छुपाने का प्रयास कर रही है, ये कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व का छोटापन दिखा रहा है। इससे साफ है ये साफ दिख जाता है कि गांधी के दौर से सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक आते-आते कांग्रेस कितनी छोटी, कितनी बौनी होती चली जा रही है, जिस पार्टी के दो पूर्व प्रधानमंत्रियों ने सरकार में रहते हुए अपने को ही भारत रत्न आत्मार्पित कर लिया था। उसी परिवार के लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सहयोग से बनी हुई संस्था की सारी संपत्ति और धन अपने को अर्पित कर लिया।

## सिंगापुर के उच्चायुक्त ने योगी से की भेंट, मिलकर आगे बढ़ने की हुई बात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वॉन्ग ने बुधवार को शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सिंगापुर और भारत, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के मध्य संबंधों को और बेहतर करने के विषय में विचार-विमर्श किया गया। उच्चायुक्त ने सिंगापुर की कम्पनियों को उत्तर प्रदेश में और यहां की कम्पनियों को सिंगापुर में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री योगी ने सिंगापुर की उप्र में निवेशक कम्पनियों को पूरा सहयोग का भरोसा दिया। उच्चायुक्त साइमन वांग ने मुख्यमंत्री को दोबारा सरकार बनाने के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं लगती कि मुख्यमंत्री योगी से भेंट के बाद उत्तर प्रदेश मुझे अपना दूसरा घर जैसा लगता है। सितंबर 2021 से अब तक सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल ने कई बार इन्वेस्टमेंट के बारे में उप्र के अधिकारियों से भेंट की है। हमें जानकारी मिली है कि उत्तर प्रदेश आगामी वर्ष में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन कर रहा है। हम चाहते हैं कि आप हमारी कंपनियों को इसमें आमंत्रित करें। उत्तर प्रदेश की कंपनियों का सिंगापुर में स्वागत है। यदि मुख्यमंत्री की सहमति हो तो सिंगापुर को उत्तर प्रदेश के ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का फर्स्ट पार्टनर कंट्री बनने में प्रसन्नता होगी। उच्चायुक्त वांग ने बताया कि सिंगापुर की विभिन्न कंपनियों ने उप्र में 250 मिलियन यूएस डॉलर का निवेश किया है। अधिकांश निवेश नोएडा व आस पास के क्षेत्रों में हैं। हम अपने निवेशकों को लखनऊ सहित प्रदेश के दूसरे हिस्सों में निवेश के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश स्किल यूनिवर्सिटी की स्थापना में सभी तरह के जरूरी सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि



हमारा प्रस्ताव है कि उत्तर प्रदेश और सिंगापुर की सरकार के बीच ज्ञान, तकनीक और कौशल के एक्सचेंज के लिए एक कार्यक्रम हो। हम राज्य सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों की क्षमता अभिवर्धन के लिए जरूरी प्रशिक्षण देने को तैयार हैं। सिंगापुर को वॉटर मैनेजमेंट सहित शहरी विकास और नियोजन के विभिन्न क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश का सहयोग करने में प्रसन्नता होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2018 में सिंगापुर की यात्रा की थी। इस अवसर पर शहरी विकास एक अहम मुद्दा था। प्रधानमंत्री की भावना के अनुसार हम उत्तर प्रदेश में काम करने के इच्छुक हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में सम्पन्न तृतीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में सिंगापुर की एक कंपनी ने 1100 करोड़ की धनराशि का निवेश किया है।

स्मार्ट सिटी परियोजना में प्रदेश का उत्कृष्ट प्रदर्शन है। सिंगापुर हमें इस परियोजना की बेहतरी के लिए तकनीकी सहयोग कर सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अपने निवेशकों की आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखता है। हमारी उद्योग अनुकूल नीतियों से प्रदेश का औद्योगिक माहौल बदला है। उद्योग जगत की जरूरतों के अनुसार 21 सेक्टोरल पॉलिसीज तैयार की गई हैं। राज्य सरकार प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप औद्योगिक विकास के लिए उद्यमियों को सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने को तत्पर है। अगले वर्ष प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में सिंगापुर को पार्टनर कंट्री बनाने में खुशी होगी। उत्तर प्रदेश में निवेश करने वाली सिंगापुर की कम्पनियों को अनुकूल माहौल मिलेगा। जेवर के पास फिल्म सिटी की स्थापना हो रही है। यहीं मेडिकल डिवाइस पार्क और फिन-टेक सिटी का विकास हो रहा है। यहां निवेशकों के लिए असीम संभावनाएं हैं। एमएसएमई क्षेत्र में सिंगापुर सहयोग कर सकता है। मुख्यमंत्री से भेंट करने वाले सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल में उच्चायुक्त साइमन वांग, क्षेत्रीय निदेशक इंटरप्राइज डेनिस टेन, फर्स्ट सेक्रेटरी (पॉलिटिकल) वू पो चेंग और अब्राहम टेन शामिल रहे।

DELHI CRIME 16 june 2022:Layout 1 6/15/2022 8:38 PM Page 2



# सम्पादकीय

## सोशल मीडिया की भी मर्यादा हो

जीवन जीने की शैली बहुत हद तक उस परिवेश के बीच और इर्द-गिर्द सजती-संवरती है जो उसके लिए जरूरी साजो-सामान और अवसर मुहैया कराता रहता है । वस्तुतः दोनों इस तरह एक-दूसरे के इतने करीब होते हैं कि उनके बीच किसी तरह के कार्य-कारण का रिश्ता ढूंढ निकालना असम्भव सा हो जाता है । यह परिवेश नैसर्गिक रूप से हमें उपलब्ध होता है पर मनुष्य के रूप में हम उसमें बदलाव लाते रहते हैं । सभ्यताओं के विकास की कहानी बताती है कि परिवेश में बदलावों की लंबी कड़ी में मीडिया की सत्ता आज सबसे महत्व की हो चली है ।मानव इतिहास की नवीनतम सर्वव्यापी घटना के रूप में सूचना-संचार का गठन आज कई मानकों का अतिक्रमण कर नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है । इस क्रम में सोशल मीडिया के आविष्कार ने एक बड़ा अध्याय जोड़ा है जिसका दूरगामी प्रभाव पड़ रहा है क्योंकि वह मनुष्य के अस्तित्व के प्रश्न और उसे वास्तविक धरातल पर सुलझाने की प्रक्रिया को दिशा दे रहा है। मनुष्य के लिए अपनी आत्माभिव्यक्ति और दूसरों के साथ उसे साझा करना एक स्वाभाविक प्रवृत्ति है। समाज में इनकी व्यवस्था के लिए आज सोशल मीडिया हाबी हो रहा है जिसका चक्र अब सतत चलता रह रहा है। इनके तात्कालिक प्रभाव इतने जबरदस्त होते हैं कि उनकी गिरफ्त में जो फंसता है उसे कोई दूसरी राह नहीं सूझती । उल्टे इनसे जुड़े रहने का चाव और चाहत ऐसे तीव्र और सघन ढंग से बढ़ती जाती है कि ज्यादातर लोगों को समय कम पड़ने लगता है। आज सोशल मीडिया हमारे अस्तित्व के हर निजी और सार्वजनिक पहलू को स्पर्श कर रहा है। उसी के थ्रू और उसी में रच-बस कर अब सारे जीवन व्यापार होने लगे हैं । यथार्थ, सत्य, अनुकरण और कल्पना के विविध रूपों तक हमारी साक्षात और परोक्ष पहुंच अब बहुत हद तक मीडिया से होकर ही होने लगी है । आमतौर पर अब आदमी मीडिया की प्रस्तुति वाली दुनिया के साथ ही अपनी वास्तविक भौतिक दुनिया से भी जुड़ता है। यदि वास्तविक दुनिया से उसका सीधा संपर्क हो भी तो वह उसे सोशल मीडिया की प्रस्तुति के आलोक में ही देखने-समझने की कोशिश करता है। सूचना का बढ़ता साम्राज्य हमारे परिवेश में सबसे व्यापक और प्रभावी बदलाव साबित हो रहा है। सोशल मीडिया के वास्तविक और मूर्त रूप इंटरनेट और मोबाइल फोन के प्रसार ने जीने का सलीका उलट-पलट दिया है । जीवन के साथ उसका रिश्ता लगभग सभी आयामों में फैलता-पसरता गया है । सूचना तो हमेशा ही जरूरी थी और ज्ञान तथा शिक्षा से उसका निकट का रिश्ता तो पुराना था परंतु उसकी दखल बाकी जिंदगी में इतनी केंद्रीय हो जाएगी ऐसा पहले किसी ने नहीं सोचा था। विश्व के बीच विश्व का एक प्रतिरूप उपस्थित करते हुए मीडिया बाह्य अवसरों और आतंरिक प्रेरणाओं को रचते हुए बड़े ही संवेदनशील ढंग से हमारे आचरण को काटती, छांटती और समृद्ध करता चल रहा है। ऐसे में आज हर तरह के कारोबार में मीडिया का अनिवार्य हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है। तीव्र प्रवाह और निजता-सार्वजनिकता दोनों का दायरा बढ़ाते हुए आज सारी चीजें उसी के अधीन होती जा रही हैं। हम हर बात के लिए इसके तंत्र के ऊपर निर्भर हुए जा रहे हैं। नैसर्गिक और वास्तविक दुनिया में बनाने वाले मानवीय रिश्तों और उनके बीच आपसी सम्बंध को स्थगित और विस्थापित कर मीडिया उनका नया गणित बना रहा है और नई पीढ़ी उसी के हिसाब से चलने को तत्पर है। मीडिया अब बुद्धि, विवेक और भावना सबको नियंत्रित कर रहा है । प्रेम, घृणा,लोभ, उत्साह, विषाद, या द्वेष के भाव हों अथवा किसी क्षेत्र में कुशलता अर्जित करने की चुनौती हो सबकी और सारी राहें उसी से या उसके पास से हो कर गुजरती हैं । मीडिया अब संदेश का माध्यम या संदेश ही नहीं रहा। वह संदेश का जनक और लक्ष्य भी नहीं रहा बल्कि आगे बढ़ उसको भी रचने वाला होने लगा है। हम सब अपने को मीडिया के अनुरूप ढालने लगे हैं। आकर्षण इतना है कि मीडिया में अपनी छवि बनाने को लेकर हम अतिरिक्त रुचि के साथ मीडिया के उपयोग के लिए सतर्क और सजग रहते हैं। इसे जान-समझ कर मीडिया को व्यक्ति, समुदाय और समाज के मानस को अपने निहित उद्देश्यों की पूर्ति के उद्देश्य से ढालने या ह्यमैनिपुलेटह्य करने की व्यापक कोशिशें भी चल पड़ीं। अब सीधे तौर पर या फिर कुछ आवरणों के बीच अप्रत्यक्ष रूप से मीडिया व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन को मनचाही दिशाएं दे रहा है। यह सब इस तरह होता है कि अपरिहार्य हो रहे मीडिया का प्रतिकार करना मुश्किल हो जाता है।

## इजरायल के साथ सुदृढ़ संबंध



लेखक- डॉ. दिलीप अग्निहोत्री /ईएमएस



कहा जाता है कि सच्चे मित्र की पहचान आपदा के समय होती है । यह विचार केवल व्यक्तिगत विषयों तक सीमित नहीं है। विदेश नीति में भी यह सिद्धांत लागू होता है। उसमें भी दोस्त और दुश्मन होते हैं। चुनौती के समय साथ देने वाला देश ही सच्चा दोस्त होता है। इस हिसाब से इजरायल और रूस आदि भारत के सच्चे दोस्त हैं । इन्होंने संकट के समय सदैव खुलकर भारत का समर्थन किया है। इजरायल के साथ सहयोग बढ़ाने में भारत को पहले संकोच होता था। मध्यपूर्व के समीकरण इस दिशा में प्रगति को बाधित करते थे। नरेन्द्र मोदी ने इस संकोच को दूर किया। उन्होंने भारत के हित को वरीयता दी। इसी हिसाब से विदेश नीति का निर्धारण किया। इसमें मध्यपूर्व के मुस्लिम मुल्कों के साथ ही इजरायल से भी संबंध बेहतर बनाने की नीति पर अमल किया गया। अभी एक विवादित बयान को अनावश्यक रूप से तूल दिया गया था। एक दर्जन से अधिक मुस्लिम देशों ने इसकी वास्तविकता जानने का कोई प्रयास नहीं किया। उन्होंने भारत के विरोध में बयान जारी किया। इसके पहले भी ऐसे देश भारत के विरोध में पाकिस्तान का समर्थक करते रहे हैं, जबकि इजरायल खुलकर भारत का समर्थन करता रहा है। पिछले दिनों इजरायल के रक्षामंत्री नई दिल्ली और वहां के राजदूत लखनऊ यात्रा पर आए थे। इन यात्राओं से दोनों देशों के संबंध और भी सुदृढ़ हुए हैं ।राष्ट्रीय स्तर पर आपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। इसके साथ ही इजरायल उत्तर प्रदेश के सुदूर क्षेत्रों तक सहयोग का विस्तार करेगा। कुछ दिन पहले इजरायल के रक्षामंत्री बेंजामिन गैंट्ज भारत पहुंचे थे । रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ उनकी वार्ता हुई । इसमें रक्षा सहयोग, वैश्विक और क्षेत्रीय परिदृश्य से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। द्विपक्षीय रणनीतिक और रक्षा सहयोग मजबूत करने पर दोनों देशों के बीच व्यापक सहमति बनी। राजनाथ सिंह ने बताया कि हम इजरायल के साथ अपनी सामरिक साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। दोनों देशों ने एक विजन स्टेटमेंट अपनाया है। जो भविष्य में रक्षा सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगा। द्विपक्षीय रणनीतिक और रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर दोनों देशों के बीच व्यापक सहमति है। इजरायली रक्षामंत्री की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात हुई । इजरायली मंत्री गैंट्ज के साथ चीफ ऑफ स्टॉफ मायन इजरायली, अंतरराष्ट्रीय रक्षा सहयोग निदेशालय के प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल यायर कुलासो, नीति और पीओएल-एमआईएल ब्यूरो के निदेशक डॉर शालोम और सैन्य सचिव बीजी याकी डॉल्फ भारत दौरे पर आये थे । यात्रा के दौरान दोनों पक्ष इजरायल और भारत के बीच तीस साल के राजनयिक और रक्षा संबंधों को चिह्नित करते हुए एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए। दोनों देश राजनयिक संबंधों की स्थापना के तीस साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इस बीच भारत और इजरायल ने रक्षा संबंध बढ़ाए हैं। भारतीय जहाजों की नियमित सद्भावना यात्राओं के हिस्से के रूप में पश्चिमी बेड़े के तीन भारतीय नौसैनिक जहाजों ने पांच वर्ष पहले आइफा में बंदरगाह का दौरा किया था। इसके बाद नौसेना प्रशिक्षण जहाज आईएनएस तरंगिनी ने भी हाइफा का दौरा किया था। बहुपक्षीय वायु सेना अभ्यास 'ब्लू फ्लैग' गत वर्ष इजरायल में आयोजित किया गया जिसमें भारत ने भी भाग लिया था। भारत के रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन और इजरायल के रक्षा अनुसंधान एवं विकास निदेशालय ने द्विपक्षीय नवाचार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे । पिछले साल भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अक्टूबर में, तत्कालीन भारतीय सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने नवंबर में और वायु सेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया ने अगस्त में इजरायल का दौरा किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इजरायल का दौरा किया था, जिसमें संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में अपग्रेड किया गया था। इसके बाद इजरायल के तत्कालीन प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भारत यात्रा पर आए। भारत और इजराइल के मध्य द्विपक्षीय सम्बन्ध सतत प्रगाढ़ हो रहे हैं। दोनों देशों के बीच तीस वर्षों से सुदृढ़ राजनयिक सम्बन्ध रहे हैं। मोदी जी ने वर्ष 2017 में अपनी इजराइल यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में इजरायल के राजदूत के नेतृत्व में इजरायल के एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर इजरायल और भारत, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के मध्य सम्बन्धों को और प्रगाढ़ करने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया। विगत वर्षों में भारत-इजरायल के पारस्परिक सम्बन्धों ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इजराइल के सहयोग से प्रदेश के जनपद बस्ती और कन्नौज में स्थापित दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अपने उद्देश्यों में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। योजना हॉर्टिकल्चर और सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की है। इस कार्य में भी राज्य सरकार को इजरायल से आवश्यक सहयोग प्राप्त होगा। उत्तर प्रदेश में स्थापित हो रहा डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर इजरायल के उद्यमियों को निवेश के अवसर उपलब्ध करा रहा है। प्रदेश में पर्याप्त प्राकृतिक संसाधन तथा दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध हैं। राज्य सरकार रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश में निवेश की इच्छुक कम्पनियों को सभी जरूरी सुविधाएं एवं प्रोत्साहन उपलब्ध करा रही है। इजरायल के प्रतिष्ठानों के लिए यह अच्छा मंच है। ड्रोन और एंटी ड्रोन तकनीक के सम्बन्ध में इजरायल के पास पर्याप्त अनुभव है। उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में निवेश के लिए विचार किया जाना चाहिए। राज्य सरकार अपने पुलिस बल के आधुनिकीकरण की योजना पर कार्य कर रही है। इस कार्य में इजरायल हमें सहयोग कर सकता है। विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण में भी इजरायल अच्छा सहयोगी बन सकता है। प्रदेश में कृषि के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में विकास की असीम सम्भावनाएं हैं। इजरायरल इस क्षेत्र में अपनी भागीदारी प्रदान कर सकता है। राज्य सरकार द्वारा एनसीआर के यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क का विकास किया जा रहा है। इजरायल की कम्पनियां इसमें निवेश के लिए आमंत्रित हैं। बुंदेलखंड में सिंचाई और पेयजल के क्षेत्र में इजरायल के तकनीकी सहयोग से नवीन परियोजना प्रस्तावित है। इसकी फीजिबिलिटी रिपोर्ट आ चुकी है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट शीघ्र तैयार हो जाएगी। यह परियोजना बुंदेलखंड क्षेत्र के किसानों को बारह महीने फसल प्राप्त करने में उपयोगी होगी। हर घर नल योजना अपने उद्देश्य में सफल होगी। इजरायल और भारत नए क्षेत्रों में मिलकर कार्य कर रहे हैं। इजरायल सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर कृषि,सिंचाई,पेयजल और जल संरक्षण के क्षेत्र में जो कार्य किये जा रहे हैं। उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा। डिफेंस प्रोडक्शन, पुलिस मॉडर्नाइजेशन और उद्योगों के विकास में तकनीक का हस्तांतरण भी किया जाएगा। इजरायल सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार संयुक्त समूह बनाकर इन कार्यों को गति देंगी। निकट भविष्य में इजरायल पुलिस आधुनिकीकरण, कृषि आधुनिकीकरण, किसानों को पानी के बेहतर उपयोग, बुंदेलखंड में पेयजल उपलब्धता और रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को सहयोग करेगा।

## आज का कार्टून।




## सेना में कॉन्ट्रेक्ट भर्ती



लेखक-सिद्धार्थ शंकर /ईएमएस

भारतीय सेनाओं में 4 साल के लिए सैनिकों की भर्ती वाली अग्निपथ स्कीम का ऐलान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं की विश्व की बेहतरीन सेना बनाने के लिए रक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने एक बड़ा फैसला लिया है। हम अग्निपथ स्कीम ला रहे हैं। इससे भारतीय युवाओं को अग्निवीर के तौर पर सेवा का मौका दिया जाएगा। इससे देश की सुरक्षा मजबूत होगी और युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। देश का हर युवा जीवन में सेना की भर्ती का सपना देखता है। इस अग्निपथ योजना से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और युवाओं को अन्य क्षेत्रों में जाने के भी अच्छे अवसर मिलेंगे। यही नहीं सेनाओं को भी हाई स्किल रिसोर्स मिल सकेगा। अग्निवीरों के लिए एक अच्छा पे-पैकेज मिलेगा। इसके अलावा एग्जिट के वक्त अच्छी रकम दी जाएगी। इस स्कीम से सेनाओं के पास युवा शक्ति होगी। इससे फिटनेस का लेवल और बेहतर हो सकेगा। फिलहाल भारत की सेनाओं की औसत आयु 32 वर्ष है। इस स्कीम के लागू होने से यह 24 से 26 वर्ष ही रह जाएगी। यही नहीं सेनाओं को हाई स्किल रिसोर्स भी मिल सकेगा। अग्निवीरों के लिए एक अच्छा पे-पैकेज मिलेगा। इसके अलावा एग्जिट के वक्त अच्छी रकम दी जाएगी। यदि अग्निवीर सेवा के दौरान सर्वोच्च बलिदान देता है तो उसके परिवार को करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी। इसके अलावा दिव्यांग होने की स्थिति में 48 लाख रुपए की राहत राशि प्रदान की जाएगी। अग्निपथ मॉडल के तहत सेना में रैंक से नीचे के अधिकारियों की भर्ती की जाएगी। 4 साल की सेवा में 6 महीने की ट्रेनिंग अवधि भी शामिल है। अग्निपथ के जरिए सेना का हिस्सा बने सैनिकों को



प्रति माह 30 हजार से 40 हजार रुपए तक सैलरी मिलेगी। अग्निपथ योजना रक्षा बलों का खर्च और उम्र घटाने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है। चार साल के बाद 80 प्रतिशत सैनिकों को कार्यमुक्त कर दिया जाएगा और आगे रोजगार के अवसर मुहैया कराने में सेना उनकी मदद करेगी। देश की सेवा कर चुके ऐसे प्रशिक्षित और अनुशासित युवाओं के लिए नौकरियां आरक्षित करने में विभिन्न कारपोरेशंस को भी रुचि होगी। सशस्त्र बलों का शुरूआती अनुमान है कि अगर योजना के तहत अच्छी खासी संख्या में सैनिकों की भर्ती हुई तो वेतन, भत्तों और पेंशन के मद में हजारों करोड़ रुपये की बचत होगी। रिक्तियां होने की स्थिति में योजना के तहत भर्ती सर्वश्रेष्ठ युवाओं को सेना में बने रहने का अवसर भी मिल सकता है। सैन्य मामलों के विभाग ने योजना बनाने से पहले आठ देशों के इसी तरह के माडल का अध्ययन किया था। कोरोना महामारी के कारण पिछले दो वर्षों में सशस्त्र बलों में सैनिकों की भर्ती में भारी कटौती की गई है। आधिकारिक रिकॉर्ड के मुताबिक, वर्तमान में सेना, वायु सेना और नौसेना में 1,25,364 पद खाली हैं। इस अभियान का मकसद सरकार की लागत को कम करने के साथ-साथ हर साल हजारों प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार देना है। आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित कॉलेजों के छात्र जो सशस्त्र बलों में उच्च प्रौद्योगिकी अभियान के विस्तार में योगदान दे सकते हैं, उन्हें एक छोटे कार्यकाल के लिए सेवा देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। जिसके बाद वे नागरिक दुनिया में करियर बना सकते हैं। तो अब इंतजार किस बात का, अगर आप में देशभक्ति का जज्बा है, आप देश सेवा को इच्छुक हैं, और साथ ही साथ एक रोमांच और साहस भरी जिंदगी जीना चाहते हैं तो भारतीय सेना के द्वार खुलने वाले हैं। कोई भी युवा सेना के मापदंड पर खरा उतर कर भारतीय सेना का हिस्सा बन सकता है और अपना, अपने परिवार का और अपने देश का एक गौरवशाली भविष्य सुनिश्चित कर सकता है।


## उपाय भी ठीक से हो

एक सास ने बहू से कहा, 'बहूरानी! मैं अभी बाहर जा रही हूं। एक बात का ध्यान रहे, घर में अंधेरा न घुसने पाए। बहू बहुत भोली थी। सास चली गई, सांझ होने को आई। उसने सोचा कि अंधेरा कहीं घुस न जाए, सारे दरवाजे बंद कर दिए। सब खिड़कियां बंद कर दीं। दरवाजे के पास लाठी लेकर बैठ गई। सोचा- दरवाजा खुला नहीं है, कोई खिड़की खुली है, कहीं भी कोई छेद नहीं। आएगा तो दरवाजा खटखटाएगा, लाठी लिए बैठी हूं, देखती हूं कैसे अन्दर आएगा। पूरी व्यवस्था कर दी। अंधेरा गहराने लगा। सोचा, कहां से आ गया! कहीं भी तो कोई रास्ता नहीं है। हो न हो दरवाजे से ही आ रहा है। अन्धकार को पीटना शुरू कर दिया। काफी पीटा कि निकल जाओ मेरे घर से! मेरी सास की मनाही है कि तुम्हें भीतर घुसना नहीं है! खूब लाठियां बजाई। लाठी टूटने लगी। हाथ छिल गए। लहूलुहान हो गए। अंधेरा तो नहीं गया। परेशान हो गई। सास आई। दरवाजा खोला। कहा, यह क्या किया? मैंने कहा था कि अंधेरे को मत आने देना घर में। वह बोली, 'देखो, मेरे हाथ देख लो। लहूलुहान हो गए। लाठी टूट गई। मैंने बहुत समझाया, बहुत रोका, पर इतना जिद्दी है कि माना ही नहीं और यह तो घुस ही गया। सास ने सिर पर हाथ रखा। कहा, 'बहूरानी! अंधेरे को डूसे मिटाया जाता है? क्या अंधेरा डूसे मिटता है? समझी नहीं तुम बात को। सास ने दीया जलाया, अंधेरा समाप्त हो गया। उपाय के बारे में हमारी जानकारी सही नहीं होती तो हम प्रयत्न तो करते हैं, परिश्रम करते हैं, पर अंधेरा मिटता नहीं।

## प्रसंगतः शांति की खोज

उन दिनों स्वामी रामतीर्थ अमेरिका गए हुए थे। वहां उनके प्रवचन की हर ओर धूम थी। अमेरिकी नागरिक उनसे अपनी परेशानियों के हल पूछने आते और खुशी-खुशी वहां से जाते थे। एक दिन एक अमेरिकी महिला उनके पास पहुंची और बोली, 'स्वामी जी, मेरा सब कुछ लुट गया। मुझे अब इस जीवन में कभी शांति नहीं मिल सकती। कृपया मेरे चित्त को शांत करने का उपाय बताएं।' स्वामी जी ने कहा, 'माता, पहले आप अपने दुख का कारण तो बताएं।' महिला रोती हुई बोली, 'मेरा इकलौता पुत्र काल के गाल में समा गया है। अब मैं क्या करूं?' वह जोर-जोर से विलाप करने लगी। स्वामी जी ने उसे सांत्वना दी और अगले दिन उसके दुख को दूर करने का वादा किया। अगले दिन महिला फिर पहुंची। उसने कहा, 'स्वामी जी, आपने मुझसे वादा किया था कि आज आप मेरी समस्या का समाधान करेंगे।' स्वामी जी बोले, 'बिल्कुल, मैं अवश्य आपकी समस्या दूर करूंगा।' इसके बाद उन्होंने एक छोटे से बालक को आवाज देकर बुलाया और उसका हाथ महिला के हाथ में सौंपते हुए कहा, 'यह लो अपना बेटा। आपको संतान चाहिए और इसे माता-पिता। आप इसके साथ बेटे जैसा व्यवहार करना, फिर देखना आपके सारे दुःख-दर्द कैसे दूर हो जाते हैं।' उस महिला को इसकी आशा न थी। वह बोली, 'स्वामी जी, भला यह कैसे संभव है? मैं इसे अपना पुत्र कैसे मान लूं? पता नहीं यह कौन है? इसमें तो मेरा अंश मात्र भी नहीं है।' उसकी बात सुनकर स्वामी जी गंभीर होकर बोले, 'ऐसे सोचेंगी तो न कभी आपका दुःख-दर्द दूर होगा न ही जीवन में शांति मिल सकेगी। आत्मीयता का विस्तार करना सीखें। औरों में भी अपना रूप देखें। इस बच्चे में अपना बेटा देखें। जीवन जरूर बदलेगा। जीवन में सुख और शांति आएगी।' वह अमेरिकी महिला स्वामी रामतीर्थ की बातें सुनकर दंग रह गई। उसे अपनी गलती का अहसास हो गया। वह अनाथ बच्चे को प्रेम से अपने साथ ले गई ।

## राज्य सभा में राजनीतिक दलों की स्पष्ट तस्वीर



लेखक- विनोद तकियावाला ( ईएमएस)

भारतीय संविधान निमार्ताओं ने प्रजातांत्रिक शासन प्रणाली के अन्तगर्त में भारतीय संसद में दो सदन की व्यवस्था का प्रावधान किया है ।इस व्यवस्था में लोक सभा व राज्य सभा का प्रावधान रखा गया है ।राज्य सभा भारतीय लोकतंत्र की ऊपरी प्रतिनिधि सभा है व लोकसभा निचली प्रतिनिधि सभा का नाम दिया है। राज्यसभा में 245 सदस्य होते हैं ।जिनमे 12 सदस्य भारत के राष्ट्रपति के द्वारा नामांकित होते हैं, इन्हें 'नामित सदस्य' कहा जाता है ।शेष अन्य सदस्यों का चुनाव होता है ।राज्यसभा में सदस्य 6 साल के लिए चुने जाते हैं,जिनमें एक-तिहाई सदस्य प्रत्येक 2 साल में क्रमशःसेवा-निवृत होते हैं. संविधान के अनुच्छेद 80 में राज्य सभा के सदस्यों की अधिकतम संख्या 250 निर्धारित की गई है, जिनमें से 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा नाम निर्देशित किए जाते हैं और 238 सदस्य राज्यों के और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधि होते हैं। तथापि राज्य सभा के सदस्यों की वर्तमान संख्या 245 है, जिनमें से 233 सदस्य राज्यों और संघ राज्यक्षेत्र दिल्ली तथा पुडुचेरी के प्रतिनिधि हैं और 12 राष्ट्रपति द्वारा नाम निर्देशित हैं। राष्ट्रपति द्वारा नाम निर्देशित किए जाने वाले सदस्य ऐसे व्यक्ति होंगे जिन्हें साहित्य, विज्ञान, कला और समाज सेवा जैसे विषयों के संबंध में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव है। हाल में सम्पन्न हुए चार राज्यों की 16 राज्यसभा सीट के चुनाव के नतीजों के बाद राजनैतिक दलों में कही खुशी, तो कही गम का माहोल हैं। संसद के उच्च सदन में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों की संख्या मौजूदा 95 से घटकर 92 हो गई है,जबकि कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 29 से थोड़ा बढ़कर 31 हो गई है ।वही शिरोमणी अकाली दल दो से शून्य पर तो बसपा 3 से 1सीट पर सिमट गई हैं,जब की वाईएसआर कांग्रेस की 6 से बड़कर 9 सीट हो गई हैं ।सर्व विदित रहे कि राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में प्रत्येक दो साल में एक तिहाई सीटों पर चुनाव होता है ।राज्यसभा सदस्य का कार्यकाल की अविधि 6 वर्ष का होता हैं। शुक्रवार को चार राज्यों-राजस्थान,हरियाणा, कर्नाटक और महाराष्ट्र में कांटे की टक्कर देखी गई,जहां भाजपा ने 57 सीट में से 22 पर जीत हासिल की,जबकि कांग्रेस के खाते में नौ सीट गई। इस बार राज्य सभा के सेवानिवृत्त हो रहे 57 सदस्यों में से भाजपा के 25 सदस्य और



कांग्रेस के सात सदस्य हैं ।ये सभी सदस्य अगले महीने सेवानिवृत्त हो जाएंगे और उनकी जगह नव निर्वाचित सदस्य राज्य सभा सासंद बन कर आएंगे। दिलचस्प बात यह है कि इस बार भाजपा और कांग्रेस दोनों राजनीतिक पार्टी ने उम्मीदवार के लिए अपने नये और युवा चेहरों पर भरोसा जताया,जिनमें से कुछ को तो पहली बार राजनीतिक दलों ने मनोनीत किया हैक संसद की इस ऊपरी सदन में युवा चेहरों को नामित करने वाली कांग्रेस पार्टी अब अधिक ताकत के साथ आगामी दिनों में सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने का प्रयास करेगी।भाजपा के संख्या बल में चार मनोनीत सदस्य शामिल हैं, जिन्होंने सत्तारूढ़ दल के साथ रहने का विकल्प चुना है ।भाजपा को सात और मनोनीत सदस्यों का समर्थन प्राप्त होगा ।ये सात सीट फिलहाल खाली हैं ।भाजपा को निर्दलीय कार्तिकेय शर्मा का भी समर्थन प्राप्त होगा। अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक दलों में,आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर-कांग्रेस की ताकत मौजूदा छह से 9 सीट की हो गई है,जबकि दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के 10 सदस्य उच्च सदन में होंगे ।द्रविड़ मुनेत्र कषगम(द्रमुक), बीजू जनता दल (बीजद), तेलंगाना राष्ट्र समिति(टीआरएस), जनता दल-यूनाइटेड (जदयू), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और शिवसेना जैसे क्षेत्रीय दलों की ताकत पुर्व की तरह बरकरार है ।इन दलों के उतने ही उम्मीदवार जीते हैं जितने उनके सेवानिवृत्त हुए हैं। राज्यसभा में द्रमुक के 10, बीजद के नौ, टीआरएस के सात,जद(यू) के पांच,राकांपा के चार और शिवसेना के तीन सदस्य हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों की संख्या क्रमशः 13 और पांच है। राज्यसभा में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के वर्तमान में पांच सदस्य हैं, लेकिन आगे चार सदस्य होंगे क्योंकि पार्टी के दो उम्मीदवार जीते हैं जबकि तीन सदस्य सेवानिवृत्त हुए हैं. समाजवादी पार्टी की ताकत राज्यसभा में मौजूदा पांच से घटकर तीन हो गई है, क्योंकि उसने अपनी सीट निर्दलीय कपिल सिब्बल और राष्ट्रीय लोक दल के नेता जयंत चौधरी को दी है ।राष्ट्रीय जनता दल का अब एक और सदस्य होगा, जिससे उसके सदस्यों की मौजूदा संख्या पांच से बढ़कर छह हो जाएगी। बहुजन समाज पार्टी का अब ऊपरी सदन में अब केवल एक सदस्य होगा। बसपा के अभी तीन सदस्य हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्यों की संख्या दो हो जाएगी ।वर्तमान में दो सदस्यों वाले शिरोमणि अकाली दल का अब राज्यसभा में कोई प्रतिनिधि नहीं होगा क्योंकि उसके सभी सदस्य सेवानिवृत्त होने वाले हैं। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और पीयूष गोयल तथा पी चिदंबरम, जयराम रमेश (दोनों कांग्रेस), कपिल सिब्बल (निर्दलीय), मीसा भारती (राजद),प्रफुल्ल पटेल (राकांपा) और संजय राउत (शिवसेना) चुने जाने के बाद फिर से राज्यसभा लौटने वाले कुछ प्रमुख नाम हैं। इसके अलावा, कांग्रेस के रणदीप सुरजेवाला और इमरान प्रतापगढ़ी भी राज्यसभा में होंगे,जबकि पार्टी के नेता मुकुल वासनिक,राजीव शुक्ला, रंजीत रंजन और प्रमोद तिवारी पहले भी सांसद रह चुके हैं।


DELHI CRIME 16 june 2022:Layout 1 6/15/2022 8:38 PM Page 3



# अग्निवीरों को सरकारी नौकरी में वरीयता देगी हरियाणा सरकार: मनोहर लाल

**-'अग्निपथ' योजना से नौजवानों के लिए बढ़ेंगे रोजगार के अवसर**
**-देश की सेना में सबसे ज्यादा संख्या हरियाणा के युवाओं की**

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अग्निपथ योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का धन्यवाद करते हुए कहा कि ह्यअग्निपथह्ण योजना से नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, इससे हरियाणा के युवाओं को काफी फायदा होगा। प्रदेश का युवा देश सेवा करने का जज्बा रखता है। देश की सेना में सबसे ज्यादा संख्या हमारे युवाओं की है। नई भर्ती योजना से उनको न केवल देश सेवा का मौका मिलेगा, बल्कि नौकरी भी मिल सकेगी। वे नए भारत के निर्माण में अधिक उपयोगी बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल 46,000 अग्निवीरों की भर्ती की जाएगी। इस्के लिए भर्ती रैलियां आगामी 90 दिनों में शुरू हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस सेवा को पूरा करने वाले युवाओं को हरियाणा सरकार नौकरी एवं अन्य कार्यों में वरीयता देगी। मुख्यमंत्री ने बुधवार को चंडीगढ़ में जारी एक बयान में कहा कि निश्चित तौर पर अग्निपथ योजना प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप नए भारत के निर्माण व युवाओं के सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि 'अग्निपथ' योजना से तीनों सेनाओं की मानव संसाधन नीति में एक नए युग की शुरूआत हुई है। यह केंद्र सरकार द्वारा किया गया एक प्रमुख रक्षा



नीति सुधार है। 'अग्निपथ योजना' देश की सुरक्षा को मजबूत एवं हमारे युवाओं को सैन्य सेवा का अवसर प्रदान करेगी। 'अग्निपथ योजना' भारतीय सैन्य इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय का सृजन करेगी। मनोहर लाल ने बताया कि अग्निवीर संबंधित सेवा अधिनियमों के तहत चार साल के लिए नामांकित किए जाएंगे। तीनों सेनाओं में लागू जोखिम और कठिनाई भत्ते के साथ उन्हें आकर्षक मासिक पैकेज मिलेगा। इसके अलावा, अग्निवीरों को भारतीय सशस्त्र बलों में उनकी कार्यावधि के लिए 48 लाख रुपये का गैर-अंशदायी जीवन बीमा कवर भी प्रदान किया जाएगा। चार साल की सेवा पूरी होने पर अग्निवीरों को सशस्त्र बलों में स्थायी नामांकन के लिए आवेदन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक विशिष्ट बैच के 25 प्रतिशत अग्निवीरों को सशस्त्र बलों के नियमित कैडर में नामांकित किया जाएगा। चार साल की कार्यावधि पूरी होने पर अग्निवीरों को एकमुश्त 'सेवा निधि' पैकेज का भुगतान भी किया जाएगा।

# भाजपा का शहरी सरकारों को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प

**पंचकूला/चंडीगढ़, (हि.स.)।** बुधवार को शहरी निकाय मंत्री कमल गुप्ता की अगुवाई में पंचकूला सेक्टर-3 स्थित भाजपा कार्यालय में संकल्प पत्र जारी किया गया। संकल्प में मुख्यत 27 बिंदू हैं, जिन पर भाजपा प्रमुखता के साथ काम करेगी। शहरी निकाय मंत्री कमल गुप्ता ने कहा कि भाजपा संकल्प है कि हरियाणा की सभी नगर परिषद व नगर पालिका के क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर, हरा-भरा व आत्मनिर्भर बनाकर देश के अग्रणी शहरों में शामिल करवाना तथा नगर परिषद व नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले गांव व कालोनियों में विकास कार्यों में तेजी लाना व उन्हें मूलभूत सुविधाएं देकर और सुदृढ़ बनाना है। संकल्प पत्र की लाचिंग के दौरान संकल्प पत्र कमेटी के सदस्य पंचकूला नगर निगम मेयर कुलभूषण गोयल, यमुनानगर नगर निगम मेयर मदन चौहान, वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष जवाहर सैनी, करनाल नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता, रोहतक नगर निगम के मनमोहन गोयल, भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ संजय शर्मा व सह मीडिया प्रभारी संजय आहूजा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। शहरी निकाय मंत्री कमल गुप्ता ने बताया कि राज्य के नगर परिषद व नगर पालिका के अंतर्गत




आने वाले सभी क्षेत्रों के शहरों में जितनी भी अवैध कालोनियां बनी हुई है और जिनमें काफी आबादी हो चुकी है उनको नियमित किया जाएगा। इस्के साथ ही नगर परिषद व नगर पालिका के अतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों में यूआईडी व एनडीसी के कार्य की जटिलता को दूर करते हुए साधारण किया जाएगा जिस से आमजन को सुविधा हो सके। प्रदेश के नगर परिषद व नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों में गृह कर के लिये लोगों को जितनी भी परेशानियों और त्रुटियों का सामना करना पड़ता है उन्हें दूर कर गृह कर के कार्य को दुरूस्त किया जाएगा। गृह को आनलाइन भरने की व्यवस्था की जा रही है। प्रापर्टी आइडी से भी काफी समस्याओं का हल हुआ है। इसके अतिरिक्त राह्यय के नगर परिषद व नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों में राह्यय की लैंड पूलिंग पॉलिसी के आधार पर सैक्टर काटे जाएंगे। शहरी निकाय मंत्री कमल गुप्ता ने बताया कि संकल्प पत्र में 27 बिंदू पर हैं, जिन पर प्रमुखता के साथ काम किया जाएगा। मुख्य रूप से नगर परिषद व नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट की बेहतर व्यवस्था के लिए एलईडी लाइट व सोलर लाइट्स को लगवाया जाएगा। पार्कों का नवीनीकरण, खेल उपकरण व जिम और झूले लगवाए जाएंगे। शमशान घाट का नवीनीकरण किया जाएगा। स्ट्रीट वेंडर्स को रेहड़ी चलाने के लिए लाइसेंस प्रदान किए जाएंगे और वेंडिंग जोन भी स्थापित होंगे। जहां पर भी कम्युनिटी सेंटर नहीं है वहां पर नये कम्युनिटी सेंटर बनाए जाएंगे।

# रजिस्ट्री न होने से लोगों ने तहसील का गेट किया बंद

**फतेहाबाद, (हि.स.)।** जिले के शहर रतिया के तहसील कार्यालय में बुधवार को रजिस्ट्री क्लर्क न आने से लोगों की रजिस्ट्री का कार्य रुक गया। इसके बाद किसान संघर्ष समिति के कार्यकताओं व कांग्रेस नेताओं ने तहसील के मेन गेट को बंद कर दिया और तहसीलदार के कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए और अधिकारियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इसके बाद तहसीलदार मौके पर पहुंचे और उन्होंने एसडीएम व जिला उपायुक्त से बातचीत कर अतिरिक्त क्लर्क की ड्यूटी लगाई और रजिस्ट्री का कार्य शुरू करवाया, जिस्के बाद लोग शांत हुए। किसान संघर्ष समिति के प्रधान मनदीप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सुखदीप सिंह, किसान नेता राम जाट, कांग्रेसी नेता मंगतराम लालवास, सुखपाल सिंह, हरविंदर गर्ग, अमृतपाल, कमलजीत कौर, सरजीत कौर, सुरिंदर, पारो बाई, दर्शन, धर्मपाल तथा अन्य लोगों ने बताया कि वह तहसील कार्यालय में रजिस्ट्री करवाने के लिए पिछले कई दिनों से चक्कर काट रहे हैं और उनकी रजिस्ट्री नहीं हो पा रही। उन्होंने आरोप लगाया कि जब रजिस्ट्री



करवाने के लिए आते हैं तो तहसील कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा अनावश्यक आपत्ति लगा दी जाती है। रजिस्ट्री करवाने के लिए तहसील कार्यालय में आए तो मौके पर उन्हें रजिस्ट्री क्लर्क नहीं मिला और ना ही कोई अधिकारी सुनवाई करने वाला था जिससे मजबूर होकर लोगों ने किसान संघर्ष समिति व कांग्रेस नेताओं की अगुवाई में तहसील कार्यालय का मेन गेट बंद कर दिया और साथ ही तहसीलदार के कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ गए और नारेबाजी शुरू कर दी। लोगों का आरोप था कि क्लर्क से बात की गई तो वह कह रहा है कि मैं तो घूमने मनाली गया हूं और 3 दिन बाद ही आऊंगा। तहसीलदार ने इसकी जानकारी जिला उपायुक्त व रतिया के एसडीएम वीरेंद्र सिंह को दी और इस्के बाद एक अतिरिक्त रजिस्ट्री कलर्क की व्यवस्था करके रजिस्ट्री का कार्य शुरू करवाया। इस बारे में जब तहसीलदर विजय मोहन सियाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री क्लर्क कार्यालय में नहीं आया और ना ही उसने कोई अवकाश के लिए उन्हें अर्जी दी है। इस कारण रजिस्ट्री का कार्य प्रभावित हो रहा है। इसकी जानकारी उपायुक्त व एसडीएम को दी गई है और एक अतिरिक्त रजिस्ट्री क्लर्क की व्यवस्था की गई है और रजिस्ट्री कार्य शुरू करवा दिया गया है।

# संजीव वर्मा ने खेमका के नियुक्त किए आठ कर्मचारी किए बर्खास्त

**चंडीगढ़,(हि.स.)।** हरियाणा के दो आईएसएस अधिकारियों के बीच छिड़ा विवाद और गहरा गया है। आईएएस संजीव वर्मा ने आईएएस अशोक खेमका द्वारा भर्ती किए गए आठ कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। उसके बाद यह विवाद और बढ़ गया है।

दो वरिष्ठ अधिकारियों के बीच की लड़ाई में विभागीय कर्मचारी मोहरा बन गए हैं। पंचकूला पुलिस थाने में इस साल 26 अप्रैल को इस संबंध कुछ अधिकारियों के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। ताजा विवाद में हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक संजीव वर्मा ने खेमका के कार्यकाल में नियुक्त किए गए आठ अधिकारियों व कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। अशोक खेमका द्वारा हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन में वर्ष 2009-10 में कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों की भर्ती की गई थी। इनकी नियुक्ति की जांच निगम के उच्च अधिकारियों की कमेटी द्वारा करवाए जाने पर अनियमितताएं सामने आई हैं। इसके बाद दो मैनेजर रैंक के अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया। बताया जाता है कि उच्च अधिकारियों की कमेटी की अगली रिपोर्ट में भी कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों की भर्ती में अनियमितताएं उजागर हुई हैं। इसके बाद इन अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। जिन अधिकारियों को बर्खास्त किया गया है उनमें जिला प्रबंधक एस.के शर्मा, सहायक प्रबंधक गुणवत्ता नियंत्रण डी.के. पांडे, तकनीकी सहायक राजेश कुमार, दिलबाग सिंह, मनीषा शुक्ला, दीपक कुमार द्विवेदी, प्रबंधक यतेंद्र वीर त्यागी, जगदीश चंद शामिल हैं। हरियाणा की अफसरशाही में अशोक खेमका की छवि एक ईमानदार अधिकारी की रही है। हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन के एमडी संजीव वर्मा ने खेमका के कार्यकाल के दौरान की गई कुछ भर्तियों में गड़बड़ी का आरोप लगाया था और उनके खिलाफ पंचकूला में केस दर्ज कराया था। इस्के बाद अशोक खेमका ने भी संजीव वर्मा के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

# सीए बनना चाहती है मुस्कान, पाया कॉमर्स में दूसरा स्थान

**जींद, (हि.स.)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा बुधवार को 12वीं कक्षा के घोषित किए गए परिणाम में एसडी कन्या महाविद्यालय नरवाना की छात्रा मुस्कान ने कॉमर्स संकाय में 496 अंक प्राप्त कर प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया है। मुस्कान का अगला लक्ष्य सीए बनना है। मुस्कान ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता तथा स्कूल स्टाफ को दिया है। मुस्कान व उसके परिजनों को जब प्रदेश में कॉमर्स संकाय में दूसरा स्थान प्राप्त करने के बारे में पता चला तो बधाई देने वालों का तांता लग गया। मुस्कान के पिता रमेश सिंगला व माता ममता फूले नहीं समां रहे थे। नरवाना के अग्रसेन नगर निवासी मुस्कान ने बताया कि स्कूल में अच्छी तरह से पढाई करने के बाद वह घर पहुंचकर उसका रिवाइज करती थी। इसके अलावा अतिरिक्त पढाई को चार पांच घंटे देती थी। कॉमर्स के हर विषय को वो पूरी तन्मयता से पढ़ती थी। बचपन से ही उसका सीए बनने का सपना था



और इसी सपने को साकार करने के लिए वो लगातार मेहनत कर रही थी। बाकायदा उसने इसके लिए कोचिंग भी ली। अब उसकी मेहनत का परिणाम सबके सामने है। मुस्कान के पिता आठवीं तक पढे लिखे है और रेडीमेट की दुकान चलाते है जबकि उनकी मां ममता साधारण गृहणी है। तीन भाई बहनों में मुस्कान सबसे बडी है। मुस्कान ने बताया कि तैयारी को लेकर उसने इंटरनेट का भी सहारा लिया और विषय की तह तक पहुचंने की कोशिश की। मुस्कान ने बताया कि परिजनों की प्रेरणा तथा स्कूल स्टाफ द्वारा दिखाए गए मार्गदर्शन के आधार पर उसे यह मुकाम हासिल हुआ ह। मुस्कान के पिता रमेश तथा मां ममता ने बताया कि उन्होंने लडका लडकी में कोई फर्क नही समझा, हालांकि पढाई को लेकर वे जागरूक तो है लेकिन इतने पढे लिखे नहीं कि वे कॉमर्स या अन्य विषय के बारे में जानकारी रख सकें। पढाई को लेकर उन्होंने बेटी को कभी भी नहीं टोका और जो जरूरते थी उन्हें पूरा करने की कोशिश की।

# निकाय चुनाव में मतदाता अपने वोट प्रयोग जरुर करें:ललित सिवाच

**-मेधावी प्रतिभाओं को मतदाता जागरुकता के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाएंगे**

**सोनीपत, (हि.स.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ललित सिवाच ने गोहाना नगर परिषद तथा गन्नौर का कुंडली नगर पालिका के लिए आगामी 19 जून को होने वाले मतदान में संबंधित क्षेत्र के मतदाता अपने वोट का प्रयोग जरुर करें। प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रजातंत्र को मजबूत बनाने में योगदान दे। जिला प्रशासन ने जिला की मेधावी प्रतिभाओं से भी सहयोग लिया जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा से मिले निर्देशों का पालन करते हुए जिला की मेधावी प्रतिभाओं को मतदाता जागरुकता के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाने का निर्णय लिया है। गोहाना नगर परिषद तथा गन्नौर व कुंडली



नगर पालिका क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि शहरी निकाय के विकास के लिए मताधिकार का उचित प्रयोग करने से आप सब सहभागी बन सकते हैं। संविधान में वर्णित अधिकारों में मताधिकार का विशेष महत्व है। मताधिकार हमें देश का जिम्मेदार नागरिक होने का अहसास कराता है। इस बार अपना वोट तो डाले साथ ही अन्य मतदाताओं को मताधिकार के इस्तेमाल के लिए प्रेरित करें।

# निगम ने ध्वस्त किया अवैध रूप से बना शॉपिंग काम्पलैक्स

**फरीदाबाद, (हि.स.)।** नगर निगम ने बुधवार को गांव भतौला में अवैध रूप से बन रहे एक बड़े शॉपिंग काम्पलैक्स को जेसीबी मशीनों की सहायता से पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। तिगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला यह इमारत भाजपा के विधायक राजेश नागर के निवास के समीप बन रही थी, जिसे नगर निगम ने 5 जेसीबी मशीनों की सहायता से धराशायी कर दिया।

इस कार्यवाही में संयुक्त आयुक्त (ओल्ड) कार्यकारी अभिंयता ओम दत्त, सहायक अभिंयता सुरेन्द्र खट्टर और कनिष्ठ अभिंयता योगेश कुमार शामिल थे। बताया जाता है कि इस शॉपिंग काम्पलैक्स में बैसमेंट व फर्स्ट फ्लोर पर दर्जनों दुकानें बनाई जा चुकी थी और ऊपरी मंजिल का लैटर डलना बाकि था, परंतु नगर निगम के दस्ते ने आज इस अवैध निर्माण को गिरा दिया। कार्यवाही के दौरान भारी पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा। नगर निगम के वकील सतीश आचार्य ने बताया कि उक्त अवैध निर्माणकर्ता को कई बार नोटिस देकर आगाह किया गया था, लेकिन वह नहीं माना और नगर निगम आयुक्त के आदेश पर इस इमारत को गिरा दिया गया। उन्होंने कहा कि निगम की यह तोडफोड़ की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी और नहरपार जितने भी निर्माण अवैध रूप से बने है, उन्हें किसी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा। इसके अतिरिक्त वार्ड-36, गांव-मिजार्पुर में हो रहे अवैध निर्माण को भी हटाया गया। निगमायुक्त ने बताया कि इन अवैध निमार्ण कताओं को निगम द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण को रोकने के लिए नोटिस भी दिये गये थे, लेकिन अवैध निमार्ण कर्ता द्वारा लगातार अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसके चलते निगमायुक्त के आदेशानुसार अवैध निमार्ण को ध्वस्त कर दिया गया। निगमायुक्त ने बताया कि है कि निगम क्षेत्र में किसी प्रकार का अवैध निर्माण सहन नही किया जायेगा और ऐसे सभी अवैध निमार्णों को निर्माणकताओं के हर्जे-खर्चे पर तोड़ा जायेगा।

# शिक्षा मंत्री सहित विधायकों को आंगनवाड़ी वर्कर्स ने प्रदर्शन का दिया नोटिस

**यमुनानगर (हि.स.)।** आंगनवाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स की तालमेल कमेटी के आह्वान पर जिले की तमाम आँगनवाड़ी वर्कर्स व हैल्पर्स हरियाणा सरकार की हठधर्मिता व वायदाखिलाफी के विरोध में बुधवार को बस स्टैंड पर इकट्ठा होकर बीजेपी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा के कार्यालय, शिक्षा मंत्री के आवास, हल्का रादौर के कांग्रेसी विधायक बिशन लाल सैनी व हल्का साढौरा विधायिका रेणु बाला को 16 व 17 जून के होने वाले प्रदर्शनों का नोटिस दिया। हरियाणा आंगनवाड़ी वर्कर व हेल्पर यूनियन की जिला अध्यक्ष रेखा सैनी ने बताया कि मंगलवार को संघ कार्यालय दशहरा मैदान में इन प्रदर्शनों की तैयारी के लिए एक विशेष बैठक भी बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता खुद जिला प्रधान रेखा सैनी द्वारा की गई थी। बैठक में उपस्थित आँगनवाड़ी जिला सचिव सुनीता करहेड़ा,उपप्रधान सुनीता सुघ,रजनी, सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान




महिपाल सौदे, सीटू जिला सचिव शरबती देवी,कैशियर रामकुमार काम्बोज व रिटायर्ड संघ से जिला प्रधान सोमनाथ,राजबीर पिण्डोरा,जरनैल सिंह चनालिया, रोशन लाल व विनोद त्यागी ने भी अपनी बात रखते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने 9 सौ 75 वर्कर्स-हेल्पर्स की सेवा समाप्त करके बहुत बडा अन्याय किया है ।

उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ आगामी दिनों में 52 हजार आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स का आंदोलन खड़ा होगा। साथ ही मजदूरों-किसानों के संगठन भी आंदोलन के समर्थन में उतरेंगे। स्थानीय निकाय चुनावों में मांगो को मुद्दा बनाने के लिए 16-17 जून को जोरदार प्रदर्शन किए जाएंगे।

# बाल अभिरुचि शिविर से बच्चों मे बढ़ता है आत्म विश्वास: डॉ. बी.डी. कल्ला

**जयपुर, (हि.स.)।** शिक्षा,कला एवं संस्कृति मंत्री बी.डी. कल्ला ने कहा कि बाल अभिरूचि शिविर के माध्यम से बच्चों में आत्म विश्वास बढ़ता है एवं समग्र विकास होता है। बड़े होकर अपने अभिभावकों के साथ-साथ प्रदेश का नाम रोशन करते हैं। उन्होनें कहा कि आज की पीढ़ी हमारी संस्कृति के प्रति सजग रहेगी तभी हम उसे अक्षुण्ण बनाएं रख सकेंगे। शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला बुधवार को पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से आयोजित ग्रीष्मकालीन बाल अभिरुचि 2022 के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पद पर बोल रहे थे। इससे पूर्व शिक्षा मंत्री एवं आरटीडीसी चेयरमैन ने शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शुभारम्भ किया। शिविर में बच्चों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ ने बच्चों की प्रतिभाओं को स-



राहा और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेश मीणा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शिविर की विस्तृत जानकारी दी। मीणा ने कहा कि प्रतिभावान बच्चों के लिए जल्द ही एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सर्दियों में बच्चों के लिए विंटर फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बच्चों ने योग, राजस्थानी लोकनृत्य एवं शास्त्रीय नृत्य कथक, वेस्टर्न डांस, मार्शल आर्ट की प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर क्राफ्ट, डाईंग व पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई गई। रंगारंग समारोह के दौरान हर्षिता शर्मा 11वीं एवं खुशी सैन 10वीं कक्षा में स्कूल टॉपर आने पर शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला एवं आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ ने प्रश्स्ति एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह का आरम्भ गाईये गणपति जग वन्दन से हुआ। इसमें नृत्य गुरू प. राजेन्द्र राव, गायन राजेन्द्र जडेजा एवं तबले पर विजय वाणे ने संगत की। क्लब महासचिव रघुवीर जांगिड़ ने बताया कि इस अवसर पर सूर्य नमस्कार एवं शिव स्त्रोत पर योग, राजस्थानी नृत्य, कालबेलिया नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति से सभागार में बैठे दर्शक आनन्द विभोर हो उठे। वहीं नन्हें बच्चों ने हरे कृष्णा, हरे राम.. गीत पर वेस्टर्न डांस की मनमोहक प्रस्तुति दी। शिविर संयोजक अनिता शर्मा ने बताया कि बालिका शिक्षा एवं जल बचाओं के संदेश पर आधारित नाटक का मंचन किया। जिसमें बच्चों की भाव-भंगिमाओं ने दर्शकों को आकृषित किया। कार्यक्रम के दौरान आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट के गुर सिखाएं।

# अधीनस्थ कोर्ट का फैसला अपास्त , पत्नी फिर भी भरण पोषण भत्ते की हकदार

**जोधपुर,(हि.स.)।** शहर में अधीनस्थ कोर्ट ने एक महिला को यह कहते हुए भरण पोषण भत्ते का हकदार नहीं माना कि वह घर पर कपड़े सिलाई का काम करती है, जबकि उसके पास रह रहे दो बच्चों को भरण पोषण राशि मंजूर की गई। इसके बाद यह मामला हाईकोर्ट में आया। जहां न्यायाधीश जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने अधीनस्थ कोर्ट के आदेश को अपास्त करते हुए कहा कि पत्नी भले ही घरेलू रूप से कपड़ों की सिलाई का काम करती हैं, वह फिर भी भरण पोषण पत्ता पाने की हकदार है। कोर्ट ने पत्नी को भी तीन हजार रुपये प्रति महीना भत्ता देने के पति को आदेश दिए। मामले के अनुसार 6 मार्च 2019 को अधीनस्थ कोर्ट ने महिला के साथ रहने वाले दो बच्चों को तीन-तीन हजार रुपये प्रति महीना भरण पोषण के पेटे देने के आदेश दिए थे, जबकि पत्नी को किसी भी तरह का भरण-पोषण भत्ता पाने का हकदार नहीं माना। इस फैसले से मायूस होकर पत्नी ने हाईकोर्ट में रिवीजन पिटिशन दायर की। याचिकाकर्ता पत्नी



की ओर से अधिवक्ता कुलदीप शर्मा ने तर्क दिया कि पत्नी को इसलिए भरण-पोषण भत्ता स्वीकृत नहीं किया गया, क्योंकि वह घरेलू स्तर पर सिलाई का काम जानती थी। अधिवक्ता ने अधीनस्थ कोर्ट के इस फैसले को अनुचित व विधि विरुद्ध बताते हुए कोर्ट से आग्रह किया कि उस फैसले को अपास्त कर पत्नी को कम से कम हर महीने के 10 हजार रुपये भरण-पोषण भत्ता स्वीकृत किया जाए। वहीं दूसरी ओर पति की ओर से तर्क दिया गया कि वह एक सामान्य वेल्डर है और उसकी आय के स्त्रोत बहुत कम है। जस्टिस भाटी ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि पति एक स्किल वेल्डर है, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि वह अपनी पत्नी का भरण पोषण करने में योग्य नहीं है। अगर महिला के आय के कुछ स्त्रोत हैं, तब भी वह भरण पोषण पाने की हकदार हैं, क्योंकि वे 3 सदस्य हैं और पति उनका भरण पोषण करने के लिए जिम्मेदार है। कोर्ट ने पत्नी की याचिका स्वीकार करते हुए अधीनस्थ कोर्ट के 6 मार्च 2019 के आदेश को अपास्त कर दिया। साथ ही पति को निर्देश दिया है कि वह वह अपनी पत्नी को तीन हजार रुपये प्रति महीने के हिसाब से भरण-पोषण भत्ता अदा करें।

# डेनमार्क-कनाडा हैंस द्वीप के बंटवारे पर सहमत



**कोपेनहेगन, (हि.स.)।** डेनमार्क और कनाडा के बीच आर्कटिक में बंजर और आबादी रहित चट्टानी (हैंस) द्वीप को लेकर 49 साल पुराना विवाद खत्म हो गया। दोनों देश इस छोटे द्वीप को बांटने पर सहमत हो गए। समझौते के मुताबिक, इस 1.3 वर्ग किलोमीटर के हैंस द्वीप पर एक सीमा रेखा खींची जाएगी। यह द्वीप डेनमार्क के अर्ध स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड के उत्तर-पश्चिम तट और कनाडा के एलेस्मेयर द्वीप के बीच समुद्री मार्ग पर स्थित है। हैंस द्वीप पर खनिजों का कोई भंडार नहीं है। डेनमार्क के विदेश मंत्री जेप्पे कोफोड ने कहा- 'यह स्पष्ट संकेत है कि सीमा विवादों को व्यवहारिक और शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाना संभव है जिसमें सभी पक्षों की जीत हो।' उन्होंने कहा कि दुनिया में युद्ध और अशांति के बीच यह अहम संकेत है। कनाडा और डेनमार्क 1973 में नारेस जलडमरूमध्य के माध्यम से ग्रीनलैंड और कनाडा के बीच एक सीमा बनाने के लिए सहमत हुए थे।मगर वे इस बात से सहमत नहीं थे कि हैंस द्वीप पर किस देश की संप्रभुता होगी। बाद के वर्षों में इस विवाद को मीडिया ने 'व्हिस्की युद्ध' का उपनाम दिया गया। इस मुद्दे को कई बार उठाया गया। सहमति के मौके पर दोनों विदेश मंत्रियों ने व्हिस्की की बोतलों का आदान-प्रदान भी किया।

# चीन ने छात्रों और व्यवसायियों को दी राहत, भारतीयों से हटाया कोविड वीजा प्रतिबंध




**बीजिंग, (हि.स.)।** कोविड के चलते दो साल से चीन के साथ व्यवसाय और वहां पढ़ाई करने वाले छात्रों की परेशानी को देखते हुए चीन ने वीजा प्रतिबंध हटाने की घोषणा कर दी है। चीनी विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे हजारों भारतीय छात्रों की कालेज और विश्वविद्यालयों में फिर से पढ़ाई शुरू करने की अपील को चीन ने संज्ञान लिया है। भारत में चीनी दूतावास ने सोमवार को अपनी कोविड वीजा नीति में दो साल के बाद बदलाव करने के विचार को साझा किया। कोविड वीजा नीति के चलते दो साल से भी अधिक समय से विदेशी नागरिकों और छात्रों को अपने परिजनों के साथ चीन वापस लौटने की मनाही थी। अब चीन सरकार ने प्रतिबंध लेने का एलान कर दिया है। वर्ष 2020 से चीन वापस लौट नहीं पा रहे भारतीय नागरिकों और उनके स्वजनों के लिए यह बड़ी राहत की खबर है। दरअसल, पिछले ही महीने चीन में बसे सैकड़ों भारतीय नागरिकों ने विदेश मंत्री एस.जयशंकर से चीन सरकार पर दबाव डालने की अपील की थी। अब चीन के स्थायी निवासी का परमिट पा चुके इन भारतीयों को अपने स्वजनों से वापस मिलने का अवसर होगा। नई दिल्ली स्थित चीनी दूतावास में चीनी नागरिकों के स्वजनों और चीन के स्थायी निवास का परमिट वाले नागरिकों को वीजा के लिए आवेदन करके वापसी करने का रास्ता खुल गया है। बताया जाता है कि 12 हजार से अधिक भारतीय छात्रों ने वापस जाकर पढ़ाई पूरी करने की इच्छा जताई है। उल्लेखनीय है कि विभिन्न रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर 2019 में चीन में कोरोना वायरस महामारी की शुरूआत के बाद भारत लौटने वाले 23 हजार से अधिक भारतीय छात्र स्वदेश में फंस गए थे। इनमें ज्यादातर चीनी कालेजों से मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्र शामिल हैं। वे कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए बीजिंग के वीजा प्रतिबंधों के कारण चीन नहीं लौट सके थे।

# मेक्सिको सिटी में गोलीबारी में 10 अपराधी ढेर




**मेक्सिको सिटी, (हि.स.)।** मेक्सिको सिटी की सीमा पर गोलीबारी में 10 संदिग्ध अपराधी मारे गए हैं और तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। मेक्सिको के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मेक्सिको करीब पांच साल से हिंसा से जूझ रहा है। इस हिंसा से राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर की सरकार बेहद चिंतित है। कुछ समय पहले सरकार ने अपराध से निपटने के लिए कम टकराव वाले दृष्टिकोण के साथ देश को शांत करने का संकल्प लिया था। मेक्सिको राज्य के अभियोजक कार्यालय ने ट्विटर पर कहा कि टेक्सकाल्टिट्लान की छोटी नगर पालिका में एक आपरेशन के दौरान भारी हथियारों से लैस समूह ने सुरक्षा बलों पर धावा बोल दिया। इसमें से तीन सुरक्षाकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस बीच 10 संदिग्ध अपराधी मारे गए। सात को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से चार घायल हो गए हैं। राज्य सुरक्षा बलों ने 20 भारी हथियार, हैंडगन, कारतूस, पांच वाहन, बुलेटप्रूफ बनियान, सैन्य शैली की वर्दी और संचार उपकरण जब्त किए है। उल्लेखनीय है कि पूर्व राष्ट्रपति फेलिप काल्डेरन के कार्यकाल मे 2007 में नशीली दवाओं के तस्करों से लड़ने के लिए सेना को सड़कों पर भेजने के बाद मेक्सिको में हिंसा तेज हुई है। मौजूदा राष्ट्रपति लोपेज ओब्रेडोर को एक ऐसा राष्ट्र विरासत में मिला जो पहले से ही खूनखराबे से जूझ रहा है। हिंसा और हत्या के लिए 2017 मेक्सिको के लिए घातक रहा। इस साल नवंबर तक मेक्सिको में 23,101 लोगों की हत्या की गई। इससे पहले 2011 में 22,885 लोगों की हत्या हुई थी।

## आज का इतिहास 16 जून

1869 आस्ट्रेलिया के भीतरी इलाकों की खोज करने वाले ब्रिटिश नागरिक चार्ल्स स्टुअर्ट का निधन हुआ.

1925 राष्ट्रवादी नेता चित्तरंजन दास का निधन .

1948 किसी विमान का पहला अपहरण मकाओ और हांगकांग के बीच उड़ान के दौरान हुआ. जिसमें विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और अपहरणकर्ता ही बचा.

1952 खोए हुए विमान की तलाश कर रहे स्वीडिश विमान को सोवियत लड़ाकू विमानों को मार गिराया.

1975 ब्रिटेन और दक्षिण अफ्रीका के बीच नौसैनिक सहयोग 169 वर्ष के बाद समाप्त हो गया.

1976 अश्वेतों के स्कूल में अफ्रीकी भाषा थोपने के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका में छात्रों ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया.

1977 जर्मनी के राकेट इंजीनियर बर्नर बानब्राउन का निधन हुआ,उसने वी–1 और वी–2 राकेटों का डिजाइन तैयार किया था.

1981 वीरू ( फ्रेंच गुयाना ) से एरियन 5 के प्रक्षेपण के साथ वाणिज्यिक अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत हुई.

1994 चीनी नीर्थ वेस्ट एयरलाइन्स टी–यू–154 विमान उड़ान भरने के 10 मिनट बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिसमें 60 लोग मरे.

1995 भारतीय वायुसेना के पायलट कैप्टन अरूण कदीकर ने बारह हजार नौ सौ घंटे विमान उड़ाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया.

1997 उपराष्ट्रपति के.आर. नारायण को कांग्रेस व संयुक्त मोर्चे ने राष्ट्रपति पद के लिये साझा उम्मीदवार बनाया.

1999 दक्षिण अफ्रीका में थाबो एम्बरी राष्ट्रपति बने.

2005 देश में विदेशी अखबारों के प्रतिलिपी संस्करण छापने को मंजूरी.

# रूस अब अपने अंतरिक्ष कार्यक्रमों में खुद ही बढ़ेगा आगे

## -यूक्रेन यूद्ध के कारण बदल रहे अंतरिक्ष मामलों में भी समीकरण




**मास्को (ईएमएस)।** पश्चिमी देशों से सहयोग छूटने के बाद रूस ने अपने अंतरिक्ष कार्यक्रमों में खुद ही आगे बढ़ने का इरादा कर लिया है। हाल ही में रूसी स्पेस एजेंसी रोसकोसमोस के प्रमुख दिमित्री रोगोजिन ने कहा है कि उनका देश जर्मन सैटेलाइट को खुद चलाएगा जिसे दोनों देशों के संयुक्त अभियान के तहत अंतरिक्ष में भेजा गया था।पिछले तीन महीने से भी ज्यादा समय से रूस यूरोप और पश्चिमी देशों के बीच अंतरिक्ष सहयोग बंद है। इससे प्रभावित होने वाले अभियानों में जर्मनी का इरोसिटा सैटेलाइट भी जिसे रूस के एआरटी-एक्ससी टेलीस्कोप के साथ मिल कर काम करना था। इस अभियान के जरिए वैज्ञानिक गहरे अंतरिक्ष में मौजूद सुपरमासिव ब्लैक होल का अध्ययन करने वाले थे। लेकिन रूस यूक्रेन युद्ध के बाद से यह अभियान बंद है। यह एक्स रे टेलीस्कोप रूस और जर्मनी का संयुक्त अभियान था, लेकिन यूरोपीय स्पेस एजेंसी के रूस के बाइकोनोर प्रक्षेपण केंद्र से अपना स्टाफ हटाने से यह बंद है। रोगोजिन ने एक टेलीविजन इंटरव्यू में कहा कि रूसी विशेषज्ञों का इस बात पर जोर है कि उन्हें अपना काम जारी रखना चाहिए। रोगोजिन ने कहा कि रूसी विशेषज्ञ टेलीस्कोप को बंद रखने की जर्मनी की मांग के बाद भी इसे चालू करना चाहते हैं और उन्होंने रूस के स्पैक्टरझ आरजी सिस्टम के इस जर्मन टेलीस्कोप का काम शुरू करने के निर्देश दिए हैं जिससे रूस वह रूसी टेलीस्कोप के साथ काम कर सके। इस पर अंतिम फैसला जल्दी ही लिया जा सकता है।रूसी स्पेस एजेंसी प्रमुख ने कहा कि वो लोग, जिन्होंने टेलीस्कोप बंद करने का फैसला लिया है, उन्होंने मानवता के लिए किए जा रहे इस शोध को रोकने का कोई भी नैतिक अधिकार नहीं हैं, वह भी सिर्फ इसलिए कि हमारे दुश्मनों के सोच फासीवादी सोच के करीब है। रोगोजिन ने अपने देश के यूक्रेन हमले को पूरी तरह से सही और उचित बताया। इसी बीच रूस के अंदर और बाहर दोनों के विशेषज्ञों ने ही चेतावनी दी है कि इस टेलीस्कोप को रूस को अकेले ही शुरू नहीं करना चाहिए। इससे इस अभियान को नुकसान पहुंच सकता है और अगर इसे शुरू करना ही है तो जर्मनी की टीम से सलाह पर ही करना चाहिए। रूसी खगोलभौतिकविद राशिद सुनयाएव का कहना है कि ऐसे हालात में एकतरफा कदम लोगों के बीच और ज्यादा अविश्वास ही पैदा करेगा। रूसी- जर्मन का यह संयुक्त प्रयास स्कैक्ट्रम रोएंटजन- गामा अभियान है जिसमें ईरोसिटा प्राथमिक उपकरण है। इस अभियान को रूस के बाइकोनोर से 13 जुलाई 2019 को प्रक्षेपित किया था। इस अभियान का लक्ष्य 50-100 हजार गैलेक्सी समूहों के गर्म अंतरगैलेक्सी माध्यम की और साथ ही पास की गैलेक्सी में सुपरमासिव ब्लैक होल की पहचान करना है। रोगिजिन पहले ही कह चुके हैं कि यूक्रेन युद्ध के कारण लगे प्रतिबंधों के कारण अब यूरोप से सहयोग लेना असंभव हो गया है। यूरोप ने बीते मार्च में ही रूस के साथ संयुक्त एक्सोमार्स अभियान को रद्द कर दिया और तब से वह अपने रोवर अभियान के लिए बेहतर विकल्प की तलाश में लगा है। वहीं रूसी स्पेस एजेंसी ने भी फ्रेंच गुयाना के यूरोपीय स्पेस पोर्ट कोउरोउ से अपना स्टाफ वापस बुला लिया है। मालूम हो कि रूस यूक्रेन युद्ध ने ना केवल दुनिया की राजनीति के समीकरण बदले हैं, बल्कि अंतरिक्ष मामलों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को लेकर भी समीकरण बदल रहे हैं।

# नवाज शरीफ चाहते हैं मुशर्रफ को पाकिस्तान लौटने की सुविधा मिले



**इस्लामाबाद, (हि.स.)।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने संघीय सरकार से संयुक्त अरब अमीरात में इलाज करा रहे पूर्व सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ को पाकिस्तान लौटने की सुविधा देने का आग्रह किया है। डॉन अखबार ने बुधवार को यह सूचना दी। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा- मेरी परवेज मुशर्रफ से व्यक्तिगत दुश्मनी या विरोध नहीं है। मैं नहीं चाहता कि किसी और को अपने प्रियजनों के लिए आघात सहना पड़े, जैसा मानसिक आघात उन्होंने झेला हैं। उल्लेखनीय है कि 1999 में जरनल मुशर्रफ के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ का तख्ता पलट करने के बाद दोनों के बीच संबंध खराब हो गए थे। मुशर्रफ की तरह नवाज ने भी पिछले कुछ साल स्वनिर्वासन में बिताए हैं। पिछले कुछ दिनों से मुशर्रफ की तबीयत खराब है। उनके परिवार का कहना है कि वह तीन सप्ताह से यूएई के अस्पताल में भर्ती है।

# जेलेंस्की नाटो शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे



**द हेग, (हि.स.)।** रूस के आक्रमण का सामना कर रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। तीन दिवसीय यह सम्मेलन मैड्रिड में 28 जून को शुरू होगा। नाटो महासचिव जेंस स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि मैड्रिड में नाटो के इस शिखर सम्मेलन में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की भाषण देंगे। द हेग में यूक्रेन पर नाटो की बैठक के बाद डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन और डच प्रधानमंत्री मार्क रूटे के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में स्टोलटेनबर्ग ने कहा- मैं मैड्रिड के शिखर सम्मेलन में नाटो नेताओं को संबोधित करने के लिए राष्ट्रपति जेलेंस्की का स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं। नाटो में अमेरिकी राजदूत जूलियन स्मिथ ने मंगलवार को कहा शिखर सम्मेलन में नाटो सेना के रुख और उसके यूक्रेन के प्रति समर्थन पर चर्चा होने की उम्मीद है।

# कैलिफोर्निया से लेकर न्यू मैक्सिको के जंगल में लगी आग, एरिजोना में रेस्क्यू जारी



**फ्लैगस्टाफ, अमेरिका (ईएमएस)।** पश्चिमी अमेरिका के कैलिफोर्निया से लेकर न्यू मैक्सिको के वनों आग का दावानल फैलने के बाद मची अफरा-तफरी के बीच रेस्क्यू जारी है। दरअसल, कैलिफोर्निया से लेकर न्यू मैक्सिको के में गर्म, शुष्क मौसम और हवा चलने के कारण सोमवार को भी कैलिफोर्निया से लेकर न्यू मैक्सिको के कर्मी जंगल में लगी आग पर काबू पाने के लिए जद्दोजहद करते नजर आए। आग के कारण सैकड़ों लोग अपना घर छोड़ने के लिये मजबूर हो गए हैं। जंगल में आग के कारण एरिजोना में फ्लैगस्टाफ की बाहरी सीमा से सैकड़ों लोगों को एहतियाती तौर पर निकाला गया है। दमकल कर्मियों को 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की आशंका है। रविवार तक किसी भी मकान के आग की चपेट में आने की खबर नहीं थी, हालांकि आग करीब 20 वर्ग किलोमीटर में फैल चुकी थी। करीब डेढ़ महीने पहले यहां लगी आग में दो दर्जन से अधिक घर तबाह हो गए थे। कोनिनो काउंटी शेरिफ के प्रवक्ता जॉन पैक्सटन ने कहा, यह एकदम उसी भयावह मंजर जैसा है। हम फिर से उसी स्थिति में आ गए हैं और फिर वही सब कर रहे हैं, जो करीब डेढ़ महीने पहले कर रहे थे। पश्चिमी अमेरिका के कई राज्यों में इस बसंत की शुरूआत में जंगलों में आग लग गई थी, जहां जलवायु परिवर्तन, सूखे जंगल और घास के मैदान के कारण आग तेजी से फैलती है। इस वर्ष अभी तक आग में तबाह हुई जमीन 10 साल के राष्ट्रीय औसत से दोगुने से भी अधिक है। नेशनल इंटर-एजेंसी फायर सेंटर के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर जंगल की आग बुझाने वाले 6,200 से अधिक दमकल कर्मी लगभग तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर जंगल में लगी आग बुझाने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। अभी तक 4,408 वर्ग किलोमीटर जमीन आग की घटना में प्रभावित हुई है।

# भारत ने डब्ल्यूटीओ में खाद्य सुरक्षा पर स्टाक होल्डिंग का मुद्दा उठाया




**जिनेवा, (हि.स.)।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ ) के 12 वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भारत के केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को खाद्य सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्टाक होल्डिंग का मुद्दा उठाया। गोयल ने पूछा-' आखिर विश्व व्यापार संगठन की कोशिशों के बावजूद खाद्य सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्टाकहोल्डिंग का कोई समाधान क्यों नहीं हो पा रहा।' गोयल ने कहा- 'डब्ल्यूटीओ व्यापार के लिए संगठन है, लेकिन यह याद रखना चाहिए कि व्यापार से पहले भूख आती है और कोई खाली पेट व्यापार के रास्ते पर नहीं चल सकता।' खाद्य सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक है। इसका दुनिया के लाखों लोगों के जीवन पर सीधा प्रभाव पड़ता है। विकासशील देशों में अधिकांश किसानों और कृषि श्रमिकों के लिए कृषि केवल आजीविका का एक स्रोत नहीं है। यह उनकी खाद्य सुरक्षा, उनके पोषण और एक अर्थ में विकासशील देशों और बड़े पैमाने पर लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण है। हाल के खाद्य संकट, कोविड-19 और वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति दोनों के कारण कई देश गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- 'मिस्र और श्रीलंका के मेरे दोस्तों ने कल इस बारे में बात की।हमें यह देखने की जरूरत है कि क्या मसौदा घोषणाओं और विचाराधीन निर्णयों से उनके देशों में खाद्य उपलब्धता में सुधार करने में मदद मिलेगी। वास्तव में ये दोनों सदस्य खाद्य सुरक्षा घोषणा के मसौदे पर सहमत नहीं हैं, लेकिन उन्होंने सार्वजनिक स्टाकहोल्डिंग मुद्दे के तत्काल स्थायी समाधान का आह्वान किया है।' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुनिया ऐसी स्थिति में है, जहां अस्थायी घोषणाओं से देशों को मदद नहीं मिल रही है बल्कि नौ साल से अधिक समय से लंबित पब्लिक स्टाक होल्डिंग का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को भोजन की कमी वाले देश से बड़े पैमाने पर आत्मनिर्भर खाद्य राष्ट्र में स्थानांतरित करने का अनुभव रहा है। सब्सिडी और अन्य सरकारी हस्तक्षेप के रूप में हमारे राज्य के समर्थन ने इस पर्याप्तता को प्राप्त करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसलिए हम एलडीसी सहित सभी विकासशील देशों की ओर से सामूहिक रूप से अपनी यात्रा, अपने अनुभव के आधार पर लड़ रहे हैं।

# जुलाई में सऊदी अरब और इजरायल का दौरा करेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति



**वाशिंगटन, (हि.स.)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अगले महीने मध्य पूर्व क्षेत्र की अपनी पहली यात्रा करेंगे। वह 13 से16 जुलाई तक इजरायल, वेस्ट बैंक और सऊदी अरब के प्रवास पर रहेंगे। बाइडेन का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब यूक्रेन और रूस का युद्ध अपने चरम पर है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में इसकी पुष्टि की है। ज्ञात हो कि पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के मामले में सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान पर बाइडेन ने खूब निशाना बनाया था। अब उसी प्रिंस सलमान से तेल बढ़ाने के लिए बाइडेन को बातचीत करनी होगी। बाइडेन के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति इजरायल में देश की सुरक्षा, समृद्धि और बड़े क्षेत्र में बढ़ते एकीकरण पर चर्चा करने के लिए मुलाकात करेंगे। अधिकारी ने आगे कहा कि वह फिलिस्तीनी प्राधिकरण के साथ परामर्श करने के लिए वेस्ट बैंक का भी दौरा करेंगे और फिलिस्तीनी लोगों के लिए सुरक्षा, स्वतंत्रता और अवसर के समान उपायों के साथ समस्या समाधान के लिए मजबूत समर्थन को दोहराएंगे। व्हाइट हाउस के सचिव काराइन जीन-पियरे ने एक बयान में कहा कि इजराइल की यात्रा उस देश की सुरक्षा और समृद्धि के लिए संयुक्त राज्य की सुरक्षा की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए है। खाड़ी सहयोग परिषद और मिस्र, इराक और जार्डन (जिसे जीसीसी 3 के रूप में जाना जाता है) के एक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सऊदी किंग सलमान के निमंत्रण पर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन जेद्दा, सऊदी अरब की यात्रा करेंगे। वर्तमान में सऊदी अरब जीसीसी का अध्यक्ष हैं। बाइडेन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मध्य पूर्व क्षेत्र में बाइडेन की यात्रा सऊदी अरब, इजराइल और मध्य पूर्व के अन्य देशों के साथ एक महत्वपूर्ण एजेंडे के संदर्भ हो रही है।

# सामने आ रही रुसी सेना की बर्बरता, बुका शहर में मिली सामूहिक कब्र

**कीव (ईएमएस)।** कभी चीड़ के पेड़ों की सुंदरता और पक्षियों के चहचहाने के लिए पहचाने जाने वाले यूक्रेन के एक जंगल से लाशों के ढेर मिल रहे हैं। कीव के बाहरी इलाके में बुका शहर के समीप जंगल से एक और सामूहिक कब्र मिली है। कई मृतकों के हाथ उनकी कमर के पीछे बंधे मिले हैं। इन कब्रों को खोदने का काम उस वक्त में हो रहा है, जब यूक्रेन पुलिस प्रमुख ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अधिकारियों ने 24 फरवरी को रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से 12,000 से अधिक लोगों की हत्याओं की आपराधिक जांच शुरू की है। सफेद रंग के चिकित्सीय कपड़े पहने और मास्क लगाए कामगारों ने फावड़े की मदद से वन की मिट्टी से शवों को निकालना शुरू किया। कपड़े और धूल से ढके शवों पर मक्खियां भिनभिनाने लगीं। कीव क्षेत्रीय पुलिस के प्रमुख ने कहा, "घुटनों पर गोलियों के निशान हमें बताते हैं कि लोगों को कितना प्रताड़ित किया गया। टेप से पीठ पर बांधे गए हाथ बताते हैं कि लोगों को लंबे वक्त तक बंधक बनाकर रखा गया और शत्रु सेना ने उनसे कोई भी सूचना निकालने का प्रयास किया।"क्षेत्र से मार्च के अंत तक रूसी सैनिकों की वापसी के बाद से अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने वन में व अन्य जगहों से सामूहिक कब्रों में 1,316 लोगों के शव बरामद किए हैं। बुका में सामूहिक कब्रें मिलने के बाद दुनियाभर में तीखी प्रतिक्रिया देखी गई थी। वहीं, रूस के कब्जे वाले दक्षिणी यूक्रेन क्षेत्र में अधिकारियों ने शहर के उन निवासियों को रूसी पासपोर्ट जारी करना शुरू कर दिया, जिन्होंने उसके लिए अनुरोध किया था। रूस देश के कब्जे वाले हिस्सों पर अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। एक वीडियो में रूस समर्थित अधिकारी नए रूसी नागरिकों को बधाई देते नजर आ रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से कहा कि रूस कहीं नहीं जाएगा। हम यहां बेहतरी के लिए हैं।



यूक्रेन में रुसी सैन्य हमले में क्षतिग्रस्त एक इमारत के करीब से गुजरते हुए एक साइकिल सवार। (फोटो-ईएमएस)

DELHI CRIME 16 june 2022:Layout 1 6/15/2022 8:38 PM Page 5




# एयर एशिया इंडिया अधिग्रहण संबंधी एयर इंडिया के प्रस्ताव को सीसीआई ने दी मंजूरी




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने टाटा समूह की एयर इंडिया लिमिटेड को एयर एशिया इंडिया की पूरी हिस्सेदारी के अधिग्रहण प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। सीसीआई ने मंगलवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी है। सीसीआई के जारी बयान के मुताबिक एयर इंडिया लिमिटेड (एआईएल) में एयर एशिया (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड की संपूर्ण इक्विटी शेयर पूंजी के अधिग्रहण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। एयर इंडिया टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड (टीएसपीएल) की परोक्ष रूप से पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। दरसअल, टाटा समूह की अगुवाई वाली एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने किफायती विमानन सेवा एयर एशिया इंडिया के अधिग्रहण का प्रस्ताव रखा था। एयर इंडिया ने एयर एशिया में सौ फीसदी हिस्सेदार के प्रस्तावित इस सौदे के लिए प्रतिस्पर्धा आयोग से पिछले महीने मंजूरी मांगी थी। एयर एशिया इंडिया ने जून, 2014 में परिचालन शुरू किया था। उल्लेखनीय है कि एयर एशिया इंडिया एयरलाइन टीएसपीएल और एयर एशिया इनवेस्टमेंट लिमिटेड (एएआईएल) का संयुक्त उद्यम है। इसमें टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड की 83.67 फीसदी और एयर एशिया इनवेस्टमेंट लिमिटेड की 16.33 फीसदी हिस्सेदारी है। टाटा समूह की टैलेस प्राइवेट लिमिटेड ने एयर इंडिया और सस्ती हवाई सेवाएं देने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस का पिछले साल अधिग्रहण किया था।

# रक्षा बजट घटाकर जीडीपी का 2.2 प्रतिशत किया गया: पाक सेना



**इस्लामाबाद (ईएमएस)** पाकिस्तान की सेना ने कहा कि जनता की धारणा के विपरीत वर्ष 2022-23 के लिए रक्षा बजट को जीडीपी के 2.8 प्रतिशत से घटकर 2.2 प्रतिशत कर दिया गया है। एक साक्षात्कार में सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल बाबर इफ्तिखार ने कहा कि लोग अक्सर रक्षा बजट के बारे में बात करते हैं, लेकिन सीमित संसाधनों में हम सभी जिम्मेदारियों को पूरा कर रहे हैं, जबकि भारत ने हमेशा रक्षा बजट बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति बढ़ने और रुपए के कमजोर पड़ने जैसे कारकों के बाद वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए बजट आवंटन में कमी आई है। इफ्तिखार ने कहा कि जब आप मुद्रास्फीति बढ़ने और रुपए के कमजोर पड़ने के मद्देनजर देखते हैं तो यह वास्तव में घट गया है। यह पिछले साल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2.8 प्रतिशत था और अब 2.2 प्रतिशत पर है। इसलिए, रक्षा बजट जीडीपी के संदर्भ में लगातार नीचे जा रहा है।

# सीओएआई ने प्रमोद मित्तल को नया चेयरपर्सन नियुक्त किया



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने 2022-23 के लिए रिलायंस जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष प्रमोद के मित्तल को अपना नया चेयरपर्सन नियुक्त किया है।मित्तल पहले सीओएआई के उपाध्यक्ष थे। सीओएआई के सदस्यों में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) जैसी कंपनियां शामिल हैं। मित्तल सीओएआई के चेयरपर्सन के रूप में अजय पुरी की जगह लेंगे। पुरी लगातार दो बार इस पद पर रहे। वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) के मुख्य नियामकीय एवं कॉरपोरेट मामलों के अधिकारी पी बालाजी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष होंगे। सीओएआई के चेयरपर्सन के रूप में अपनी नई भूमिका पर टिप्पणी करते हुए मित्तल ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री की डिजिटल इंडिया पहल के दृष्टिकोण को पूरा करने, विशेषरूप से 5जी की शुरूआत के लिए सदस्यों के साथ मिलकर काम करने को तत्पर हूं।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत 24वें दिन भी स्थिर, कच्चा तेल 121 डॉलर प्रति बैरल




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का भाव घटकर 121 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। इस बीच घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने लगातार 24वें दिन दोनों ईंधन की कीमत में कोई फेरबदल नहीं किया है। राजधानी दिल्ली में बुधवार को पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल का दाम 109.27 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.84 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल कीमत 106.03 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल का भाव 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल का 94.24 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसके अलावा देश के अन्य शहरों नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.96 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, लखनऊ में पेट्रोल का दाम 96.57 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल का भाव 89.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह पटना में पेट्रोल 107.24 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.04 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। फिलहाल कच्चा तेल का भाव 121 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन ब्रेंट क्रूड 121.08 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 118.85 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# स्विच मोबिलिटी 30 करोड़ डॉलर जुटाएगी



**चेन्नई (ईएमएस)।** अशोक लीलैंड की इलेक्ट्रिक वाहन इकाई स्विच मोबिलिटी 30 करोड़ डॉलर जुटाने के लिए वित्तीय निवेशकों से चर्चा कर रही है, जिसमें से करीब 20 करोड़ डॉलर पूंजीगत खर्च के लिए होगा जबकि बाकी 10 करोड़ डॉलर स्विच की सहायक ओहम ग्लोबल मोबिलिटी के लिए है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम स्विच मोबिलिटी के लिए करीब 20 करोड़ डॉलर जुटाने पर विचार कर रहे हैं, जिसका इस्तेमाल उत्पादों में सुधार और क्षमता पर किया जाएगा। ओहम मोबिलिटी में 10 करोड़ डॉलर का इस्तेमाल नए कारोबार के अधिग्रहण पर किया जाएगा। ओहम मोबिलिटी ई-मोबिलिटी को एक सेवा के तौर पर सामने रखने पर विचार कर रही है और वह रखरखाव, डिपो में चार्जिंग पाइंट लगाने आदि जैसे परिचालन से जुड़े काम पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि स्विच कुल मिलाकर अगले पांच साल में करीब 20-30 करोड़ डॉलर का निवेश करने जा रही है। कंपनी कथित तौर पर स्विच डेडिकेटेड फैसिलिटी में 1,000 करोड़ रुपए के निवेश की योजना बना रही है।

# नई वेन्यू भारत में 16 को होगी लांच

**-दमदार फीचर्स से लैस होगी यह कार**



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारत में कोरियाई कार निमार्ता कंपनी हयूदै 16 जून को नई वेन्यू को लॉन्च करने के लिएतैयार है। वेन्यू फेसलिफ्ट एसयूवी को पेट्रोल और डीजल दोनों वेरिएंट में उतारा जाएगा। नई वेन्यू तीन प्रकार के इंजन और ट्रांसमिशन के तीन विकल्पों के साथ 16 वेरिएंट में उपलब्ध होगी।2022 वेन्यू एसयूवी सब-कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में अपने कॉम्पिटिटर्स को टक्कर देने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिलहाल टाटा नेक्सान भारत में बिकने वाली सभी एसयूवीएस में सबसे आगे है। हालांकि, नई वेन्यू आगामी 2022 मारुति सुजुकी विटारा ब्रेजा फेसलिफ्ट एसयूवी के साथ, सेगमेंट-लीडर को एक मजबूत चुनौती देने का लक्ष्य रखेगी। हुंडई मोटर ने 2022 वेन्यू फेसलिफ्ट एसयूवी के लिए बुकिंग शुरू कर दी है। कोई भी व्यक्ति एसयूवी को ऑनलाइन या डीलरशिप पर रुपए 21,000 की राशि पर बुक कर सकता है। नई हयूदै वेन्यू एसयूवी को ई, एस, एस+/एस(ओ), एसएक्स और एसएक्स(ओ) ट्रिम्स में पेश किया जाएगा। पेट्रोल इंजन वाली एसयूवी के 11 वेरिएंट होंगे, जबकि डीजल इंजन केवल पांच वेरिएंट में पेश किया जाएगा। इन 16 में से केवल पांच वेरिएंट में डुअल-टोन एक्सटीरियर कलर थीम मिलेगी, जिसमें ब्लैक रूफ के साथ फीरे रेड का कॉम्बिनेशन होगा।फीचर्स की बात करें तो हुंडई नई वेन्यू को भरपूर मात्रा में फीचर्स ले लोड करेगी। एसयूवी रिमोट से वाहन को नियंत्रित करने के लिए एलेक्सा और गूगल वॉयस असिस्टेंट के साथ होम टू कार (एच2सी) की पेशकश करेगी। इसमें 60 से ज्यादा कनेक्टेड कार फीचर भी होंगे। नया इंफोटेनमेंट सिस्टम अब अंग्रेजी के अलावा 10 क्षेत्रीय भाषाओं को सपोर्ट करेगा। वेन्यू के इंजन की बात करें तो इसमें 1.5-लीटर सीआरडीआई डीजल इंजन, 1.0-लीटर टर्बो जीडीआई और 1.2-लीटर एमपीआई कप्पा पेट्रोल इंजन का ऑप्शन मिलेगा। ट्रांसमिशन के लिए 6-स्पीड मैनुअल या आईएमटी के साथ-साथ डीसीटी गियरबॉक्स के विकल्प द्वारा भी किया जाएगा। 2022 वेन्यू फेसलिफ्ट में तीन ड्राइव मोड भी मिलेंगे, जिनमें नॉर्मल, इको और स्पोर्ट शामिल हैं।

# लेटेस्ट-जनरेशन एम2 से पर्दा उठाएगी बीएमडब्ल्यू

**-एम2 बिना इलेक्ट्रिफिकेशन का अंतिम वाहन होगी**



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** महंगी कारें बनाने वाली कंपनी बीएमडब्ल्यू जल्द ही लेटेस्ट-जनरेशन एम2 से पर्दा उठाएगी। कंपनी के अनुसार, यह आखिरी इंटरनल कांबुस्टन एम मॉडल होगा। इसकी बीएमडब्ल्यू के एम डिवीजन के सीईओ फ्रैंक वैन मील ने पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि 2023 में बीएमडब्ल्यू एम 2 डिवीजन की आखिरी प्योर कांबुस्टन कार होगी। एम2 बिना इलेक्ट्रिफिकेशन का अंतिम वाहन होगी। बीएमडब्ल्यू एम2 में रियर-व्हील ड्राइव कॉन्फिगरेशन के साथ छह-सिलेंडर इंजन और एक मैनुअल गियरबॉक्स होगा। एम2 में माइल्ड-हाइब्रिड 48वी सिस्टम नहीं होगा। यह अन्य मॉडलों के बीच तेजी से आम होता जा रहा है। वहीं कंपनी जल्द ही एक्सएम एसयूवी का भी अनावरण करेगी। यह बीएमडब्ल्यू का पहला इलेक्ट्रिफाइड पावरट्रेन एम मॉडल होगा। इसका सीधा मुकाबला मर्सडीज-बेंज ईक्यूसी और ऑडी ई-ट्रान जैसी गाड़ियों के साथ होगा। बता दें कि नई बीएमडब्ल्यू एम2 इस साल बाजार में आ सकती है और इसका उत्पादन मेक्सिको में होने की उम्मीद है। बीएमडब्ल्यू इस महीने के अंत में 23 जून को गुडवुड फेस्टिवल ऑफ स्पीड में एम3 टूरिंग से पर्दा उठाएगी। नया एम2 (जी87) पुराने मॉडल की तरह स्टेंडर्ड 2-श सीरीज कूप के साथ अंडरपिनिंग और कुछ इंटरनल और बाहरी बिट्स साझा करेगा, लेकिन इसमें बहुत सारे बॉडी पैनल और अपग्रेड किए जाएंगे। आने वाले महीनों में नए एम2 के बारे में अधिक जानकारी मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा बीएमडब्ल्यू ने नई जनरेशन की एक्स1 और इसके इलेक्ट्रिक वर्जन आईएक्स1 से पर्दा उठाया दिया है। नई बीएमडब्ल्यू एक्स1 बीएमडब्ल्यू के एफएएआर आर्किटेक्चर पर बेस्ड है, कार के इंटीरियर और एक्सटीरियर में खास बदलाव किए गए हैं। इसके साथ ही इसके पावरट्रेन को भी अपडेट किया गया है। यह भारत में अगले साल लॉन्च होगी।इससे पहले जर्मन कंपनी ने कार आई4 लॉन्च की थी। यह इलेक्ट्रिक सेडान भारत में आईएक्स एसयूवी के बाद दूसरी इलेक्ट्रिक कार थी। कंपनी आई4 को दो वेरिएंट में उतारे, जिसमें ई ड्राइव40 और एम50 एक्सड्राइव मॉडल शामिल हैं।

# 15 अगस्त को महिंद्रा की इलेक्ट्रिक बॉर्न एसयूवी होगी पेश

**- नए डिजाइन स्टूडियो में एक कार्यक्रम होगा आयोजित**


**नई दिल्ली (ईएमएस)।** स्वदेशी कंपनी महिंद्रा जल्द ही अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी रेंज को पेश करने जा रही है। कंपनी 15 अगस्त, 2022 को अपनी पहली इलेक्ट्रिक बॉर्न गाड़ी को पेश करेगी। कंपनी का यह कार्यक्रम यूनाइटेड किंगडम के ऑक्सफोर्डशायर में ब्रांड नए डिजाइन स्टूडियो में एक कार्यक्रम आयोजित होगा। बीते कुछ समय से महिंद्रा स्वतंत्रता दिवस पर ही अपने गाड़ी को पेश कर रही है। इससे पहले 15 अगस्त 2020 को महिंद्रा ने नई थार की पेश की थी। वहीं, 14 अगस्त 2021 को नई एक्सयूवी700 की बिक्री शुरू की थी। बता दें कि इन दोनों ही गाड़ियों कि जबरदस्त बिक्री हुई है। इसलिए महिंद्रा नई रेंज को भी 15 अगस्त के दिन ही पेश करेगी।इस साल फरवरी में महिंद्रा ने अपनी आगामी इलेक्ट्रिक एसयूवी लाइन-अप की तीन एसयूवी का पहला टीजर रिलीज किया था।इस टीजर में इसके फीचर्स की एक झलक देखने को मिली थी। इसमें सी-आकार के एलईडी लाइट्स दी गई गए है, जो बोनट पर एक एलईडी पट्टी से जुड़ी हुई है। साथ ही एसयूवी की पूरे बॉडी पर शार्प डिजाइन और एंगल्स बने हुए हैं। वहीं गाड़ी के पिछले हिस्से पर लाइटिंग डिटेल्स टेललाइट्स तक फैली हुई है। इतना ही नहीं वाहन के सेन्ट्रल कंसोल में रोटरी डायल के साथ इंस्ट्रूमेंटेशन और इंफोटेनमेंट ड्यूटी के लिए डुअल स्क्रीन सेट-अप को भी साथ रखा गया है। बता दें कि ये कारें एक कॉम्पैक्ट एसयूवी बॉर्न इलेक्ट्रिक व्हीकल हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि यह पेट्रोल या डीजल वाले मॉडलों से अलग होंगे। इन्हें बिल्कुल नए अवतार में पेश किया जाएगा।

# मारुति कार बाजार में उतारने वाली है 4 नई एसयूवी, टाटा हुंडई और महिंद्रा को देगी टक्कर

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश की मशहूर कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) कॉम्पैट और मिडसाइज सेगमेंट में टाटा, हुंडई और महिंद्रा को कड़ी टक्कर देने की तैयारी में है। मारुति अपने एसयूवी पोर्टफोलियो को मजबूत करने के प्लान पर काम कर रही है। खबर है कि मारुति जल्द ही मार्केट में चार एसयूवी उतार सकती है। एसयूवी सेगमेंट में फिलहाल मारुति की दो गाड़ियां ही मार्केट में उपलब्ध हैं। इस सेगमेंट में अपनी पकड़ को मजबूत करने के लिए मारुति ने योजना तैयार कर ली है और अगले 18 महीने में मारुति चार एसयूवी बाजार में उतार सकती है। जून के आखिरी में मारुति विटारा ब्रेजा को नए लुक में मार्केट में उतारने जा रही है। विटारा ब्रेजा मारुति के बेस्ट-सेलिंग मॉडल्स में से एक है। इसलिए कंपनी इसे नए फीचर्स के साथ बाजार में लेकर आ रही है। ब्रेजा मारुति की पहली गाड़ी होगी, जो सनरूफ फीचर्स के साथ आएगी। इस बार भी ब्रेजा में 1।5 लीटर का के-सीरीज पेट्रोल इंजन हो सकता है। हुंदई क्रेटा और किआ सेल्टास को टक्कर देने के लिए मारुति टोयोटा के सहयोग से बनी वाईएफजी मिडसाइज एसयूवी को मार्केट में उतार सकती है। मारुति इस एसयूवी को विटारा के नाम से लॉन्च कर सकती है। मारुति सुजुकी मिड-साइज एसयूवी वाईएफजी को अक्टूबर 2022 तक मार्केट में लेकर आ सकती है। 2023 के ऑटो एक्सपो 2023 में मारुति बलेनो क्रॉस एसयूवी को दुनिया के सामने पेश कर सकती है। ये गाड़ी वाईटीबी कोडनेम के साथ आ सकती है। बलेनो क्रॉस एसयूवी में छह एयरबैग, हिल असिस्ट, क्रूज कंट्रोल, रेन-सेंसिंग वाइपर और भी नए फीचर्स कंपी ऐड कर सकती है। मारुति सुजुकी जिम्नी के भी 2023 में आने की उम्मीद है। ये सात सीटर मिडसाइज एसयूपी हो सकती है। खबरों के अनुसार मारुति सुजुकी 2023 के मध्य तक जिम्नी आफरोडर को लॉन्च करने के लिए प्लान कर रही है। क्योंकि इस सेगमेंट की मांग बढ़ी है। मारुति की ये गाड़ी महेंद्रा थार को टक्कर देगी। मारुति चार एसयूवी को मार्केट में उतारकर इस सेगमेंट में अपनी हिस्सेदारी को और बढ़ाना चाहती है। फिलाहल एसयूवी सेगमेंट में मारुती की मार्केट में 12 फीसदी की हिस्सेदारी है। इस वक्त मार्केट में मारुति दो एसयूवी विटारा ब्रेजा और मारुति सुजुकी एस-क्रास मौजूद हैं।

## दैनिक पंचांग

**16 जून 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**गुरुवार** 2022 वर्ष का 167 वां दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वितीया 09.46 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 12.37 बजे को समाप्त।
**योग** ब्रह्म 21.08 बजे को समाप्त।
**करण** गर 09.46 बजे तदनन्तर वणिज 19.56 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 16.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 20'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871281
**जूलियन दिन** 2459746.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2548
**हिजरी सन्** 1443
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 16

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | मिथुन | 05.15 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कर्क | 07.29 बजे से |
| मंगल | मीन में | सिंह | 09.45 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 11.57 बजे से |
| गुरु | मीन में | तुला | 14.07 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.22 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 18.38 बजे से |
| राहु | मेष में | मकर | 20.43 बजे से |
| केतु | तुला में | कुंभ | 22.30 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | मीन | 00.03 बजे से |
| | | मेष | 01.33 बजे से |
| | | वृष | 03.13 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

# कार को एक बार चार्ज करिए और भूल जाइए

**-सात महीने तक नहीं पडेगी रिचार्ज करने की जरूरत**



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बाजार में अब एक ऐसी इलेक्ट्रिक कार आ गई है, जो एक बार चार्ज करने पर 7 महीने तक चलेगी। इस कार का नाम लाइटियर जीरो है, इसे यूरोप की कंपनी लाइटियर ने बनाया है। लाइटियर जीरो इलेक्ट्रिक कार ने पहले ही अपने डिजाइन और टेक्नोलॉजी से कई लोगों का ध्यान खींचा है। ऑटोमेकर का मानना है कि लाइटियर जीरो वास्तव में उन देशों में बैटरी को चार्ज किए बिना सात महीने तक चल सकती है, जहां सूरज की रोशनी तेज होती है। लाइटियर का मानना है कि यह इलेक्ट्रिक कार नीदरलैंड में दो महीने तक चल सकती है। इलेक्ट्रिक कार में लगे 54 वर्ग फुट के पेटेंट वाले डबल-कर्व्ड सोलर पैनल से कार की बैटरी को चार्ज करते हैं। इसकी बदौलत कार को चलाने के दौरान भी बैटरी चार्ज होती रहती है। ईवी निमार्ता ने दावा किया है कि लाइटियर जीरो अपनी सौर ऊर्जा से 70 किमी तक चल सकती है। इसे प्रति वर्ष 11,000 किमी तक चलाया जा सकता है। सोलर चार्जिंग के अलावा यह इलेक्ट्रिक कार फुल चार्ज बैटरी पर 625 किमी तक चल सकती है। हाईवे पर 110 किमी प्रति घंटे की स्पीड से 560 किमी तक चल सकती है। कंपनी का दावा है कि इसकी हाईली एफिशिएंट मोटरों को एयरोडायनामिक डिजाइन के साथ जोड़ा गया है, जिससे ईवी को इस तरह की रेंज का वादा करने में मदद मिलती है। लाइटियर जीरो को वर्तमान में दुनिया में सबसे कुशल इलेक्ट्रिक कार के रूप में दावा किया जाता है। इस कार से रोज 35 किमी तक चलाया जा सकता है। इसके लिए कार को धूप में कार पार्क करनी होगी, जिससे ईवी में लगे सोलर पैनल से बैटरी चार्ज हो सके। कंपनी को उम्मीद है कि यह इलेक्ट्रिक कार भविष्य में इस सेगमेंट को और आगे बढ़ाएगी। लाइटियर ने घोषणा की है कि ईवी इस साल के आखिर में इस कार का प्रोडक्शन शुरू हो जाएगा। इसकी डिलीवरी नवंबर 2022 में शुरू होने की उम्मीद है।बता दें कि दुनिया भर में पिछले कुछ सालों से इलेक्ट्रिक कारों की मांग काफी तेजी से बढ़ी है, हालांकि इन कारों की रेंज अब भी लोगों की चिंता बनी हुई है।

## आज का राशिफल

आज का भाग्य

**शुभ संवत 2079, शाके 1944, सौम्य गोष्ठ, आषाढ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे तथा शुक्रोदय पूर्वे तिथि दोइज, गुरुवासरे, पू.षा.नक्षत्रे, धान्य योगे, कौलव करणे, कर्क की चंद्रमा, धान्य छेदन, विद्यारंभ मु.पूर्व दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।**

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

**आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, कुशल कलाकार तथा मिस्त्री, बाडी मेकर, कुशल कारीगर, टाईल्स जोड़ने वाला, उत्तम व्यापारी, मारबल का व्यापारी, प्रशासनिक अधिकारी होगा।**

**मेष राशि - किसी शुभ समाचार के मिलने के योग हैं, व्यवसायिक स्थिति ठीक रहेगी।**
**वृष राशि - मनोवृत्ति संवेदनशील रहेगी, कार्यगति अनुकूल होगी, चिन्ता कम अवश्य होगी।**
**मिथुन राशि - किसी प्रलोभन से हानि, मनोवृत्ति संवेदनशील होगी तथा कार्यगति उत्तम होगी।**
**कर्क राशि - अनायास यात्रा में उद्विघ्नता बनेगी, स्त्री वर्ग से कुछ वाद-विवाद व परेशानी बनेगी।**
**सिंह राशि - विरोधियों के षड़यंत्र से मानसिक परेशानी बनेगी, बेचैनी बढ़ेगी, धैर्य रखकर कार्य करें।**
**कन्या राशि - शारीरिक कष्ट, राजभय तथा व्यापार-उद्योग, धंधे में अड़चन के बाद लाभ होगा।**
**तुला राशि - व्यवसायिक योग लाभकारी होंगे, धार्मिक कार्य में व्यय, कष्ट, अनायास परेशानी होगी।**
**वृश्चिक राशि - बाधा, उलझने, लाभ, यात्रा से कष्ट, व्यय होगा, अनाप-शनाप खर्च से परेशानी होगी।**
**धनु राशि - शत्रुभय, मुकदमें में जीत, रोगभय, व्यय होगा, व्यापार में सुधार होगा ध्यान दें।**
**मकर राशि - व्यापार में लाभ, शत्रु भय, धन सुख, धार्मिक खर्च होंगे, लाभ होगा।**
**कुंभ राशि - कलह, व्यर्थ खर्च से हानि, सफलत प्राप्त होगी, विरोधी असफल होंगे, व्यापार बढ़ेगा।**
**मीन राशि - स्वजन सुख, पुत्र चिन्ता, सुख की हानि, व्यापार की स्थिति अच्छी नहीं रहेगी।**

# इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे काइल जैमीसन



**नॉटिंघम, (हि.स.)।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। जैमीसन के पीठ में कुछ समस्या थी, जिसके बाद एमआरआई स्कैन से उनकी पीठ के निचले हिस्से में तनाव का पता चला। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन गेंदबाजी करते हुए 27 वर्षीय जैमीसन को पीठ में दर्द हुआ था। जैमीसन अब चार से छह सप्ताह तक मैदान से दूर होंगे। सेंट्रल स्टैग्स के तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकर, जो शुरूआती दौरे के मैचों के लिए इंग्लैंड में टेस्ट टीम के साथ थे, को जैमीसन के प्रतिस्थापन के रूप में टीम में बुलाया गया है और अगले सप्ताह लीड्स में तीसरे टेस्ट से पहले वह लंदन पहुंचेंगे। जैमीसन के अलावा विकेटकीपर कैम फ्लेचर को भी दाएं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण दौरे से बाहर कर दिया गया है। उनके स्थान पर डेन क्लीवर को टीम में शामिल किया गया है। कोच गैरी स्टीड ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "खिलाड़ियों को चोटिल होने के कारण दौरे को जल्दी छोड़ने के लिए मजबूर देखना हमेशा दुखद होता है। काइल ने लॉर्ड्स में पहले टेस्ट में इतनी बड़ी भूमिका निभाई थी और मुझे पता है कि तीसरे टेस्ट में शामिल न होने से कितना निराश है। वह स्पष्ट रूप से हमारे लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम उसके ठीक होने के साथ धैर्य रखें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह इस साल के अंत में आने वाले कई और महत्वपूर्ण क्रिकेट टूर्नामेंटों के लिए पूरी तरह से फिट हो जाए। दूसरे टेस्ट की बात करें तो इस मैच में जॉनी बेयरस्टो और कप्तान बेन स्टोक्स ने बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन कर इंग्लैंड को न्यूजीलैंड पर पांच विकेट से जीत दिलाई और तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली। यह मैच इसलिए भी खास था कि इस मुकाबले में दोनों टीमों ने पहली पारी में 500 का आंकड़ा पार किया था, जिससे मैच के ड्रा होने की ज्यादा उम्मीथ थी। न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के सामने 299 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य निर्धारित किया, जिसे इंग्लैंड ने पांच विकेट और 20 से अधिक ओवर शेष रहते हासिल कर लिया।

# खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और गौतम गंभीर ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने पर नीरज चोपड़ा को दी बधाई

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और भारत के पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने मंगलवार को नया राष्ट्रीय रिकार्ड बनाने पर स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को बधाई दी है। नीरज चोपड़ा ने एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए फिनलैंड में पावो नूरमी गेम्स में रजत पदक जीता। चोपड़ा ने 89.30 मीटर भाला फेंक कर अपने पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर बनाया, जो उन्होंने पिछले साल मार्च में पटियाला में 88.07 मीटर थ्रो के साथ बनाया था। अनुराग ठाकुर ने ट्वीट किया, "गोल्डन ग्रेट नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर से किया। नीरज ने पावो नूरमी गेम्स में 89.30 मीटर फेंककर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। आपका बिल्कुल नया रोमांचित थ्रो देखने को मिला।" गौतम गंभीर ने ट्वीट किया, "गोल्डन बॉय ने इसे फिर से किया है! नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड। शानदार जे रहे हैं नीरज चोपड़ा।" इस बीच, विशिष्ट सेवा पदक प्राप्त करने वाले मेजर सुरेंद्र पूनिया ने भी शानदार प्रदर्शन के लिए नीरज चोपड़ा की प्रशंसा की। उन्होंने बुधवार को कू ऐप पर नीरज की परफॉर्मेंस का एक वीडियो शेयर किया। मेजर सुरेंद्र पूनिया ने कू ऐप पर लिखा, "गोल्डन आर्मी मैन नीरज चोपड़ा ने पावो नूरमी खेलों में 89.30 मीटर की दूरी तक भाला फेंक एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया! पुराना रिकॉर्ड (87.58 मीटर) भी उनके नाम था। वह ओलंपिक के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। बधाई हो।" बता दें कि पावो नूरमी गेम्स, वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर में डायमंड लीग के बाद सबसे बड़ी ट्रैक-एंड-फील्ड प्रतियोगिताओं में से एक है। फिनलैंड में पावो नूरमी गेम्समें इतिहास रचने के बाद, नीरज चोपड़ा डायमंड लीग के स्टॉकहोम चरण के लिए स्वीडन जाने से पहले कुओर्टेन खेलों में हिस्सा लेंगे।




# फिंच ने की मैक्सवेल की तारीफ, कहा-उन्होंने एक असाधारण पारी खेली



**पल्लेकेले, (हि.स.)।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने श्रीलंका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में बेहतरीन नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलने वाले ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल की जमकर तारीफ की है। स्टीवन स्मिथ के अर्धशतक और मैक्सवेल की 80 रनों की शक्तिशाली पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में मंगलवार को यहां पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका को दो विकेट से हराया। फिंच ने मैच के बाद कहा, "यह एक अच्छा मैच था, मैक्सवेल की यह एक असाधारण पारी थी। हमारा प्रदर्शन थोड़ा खराब रहा है। हम अपनी गेंदबाजी पर काम करते रहेंगे।" श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 301 रनों का लक्ष्य रखा, जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने बेहद खराब शुरूआत की और डेविड वार्नर बिना कोई रन बनाए महेश तीक्ष्णा की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद एरोन फिंच और स्टीवन स्मिथ ने दूसरे विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी की, लेकिन फिंच 72 के कुल स्कोर पर 44 रन बनाकर वानिंदु हसरंगा का शिकार बने। इसके बाद बारिश ने खेल को रोक दिया और ऑस्ट्रेलिया को 44 ओवर में 288 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। फिंच के बाद बल्लेबाजी करने आए मार्नश लाबुसेन स्मिथ के साथ देने क्रीज पर आए और 31 गेंदों पर 24 रन बनाए, लेकिन 22वें ओवर में 126 के कुल स्कोर पर दासुन शनाका ने उन्हें पवेलियन भेज दिया। लगातार गिरते विकेटों के बीच मैक्सवेल एक छोर पर खड़े रहे और केवल 51 गेंदों में नाबाद 80 रनों की पारी खेल ऑस्ट्रेलिया को दो विकेट और नौ गेंद शेष रहते हुए जीत दिला दी। श्रीलंका के लिए, हसरंगा ने चार विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच गुरुवार को दूसरा एकदिनी मुकाबला खेला जाएगा।

# ऋषभ ने गेंदबाजों को सराहा



**विशाखापत्तनम (ईएमएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान ऋषभ पंत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में मिली जीत पर उत्साहित होकर कहा कि बल्लेबाजों और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से हमें यह सफलता मिली है। ऋषभ के अनुसार शुरूआत में लगा कि हमने बल्लेबाजी में कुछ रन कम बनाये हैं पर हमने इसपर अधिक ध्यान नहीं दिया। भारतीय टीम को इस मैच में 48 रनों से जीत मिली है और सीरीज अब 2-। पर पहुंच गयी है। साथ ही कहा कि गेंदबाजों ने अच्छे तरीके से काम किया है। बीच के ओवरों में स्पिनरों ने भी अच्छी तरह से काम किया। इस मैच में स्पिनर यजुवेन्द्र चहल ने तीन जबकि हर्षल पटेल ने चार विकेट लिए। वहीं अच्छी शुरूआत के बाद मध्यक्रम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं रहा। इसपर ऋषभ ने कहा कि अब अगले मैच से बेहतर प्रदर्शन का प्रयास किया जाएगा। भारतीय टीम को पहले दो टी-20 मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। जिससे अब भी मेहमान दक्षिण अफ्रीकी टीम सीरीज में बढ़त पर है।

# चहल का फार्म टीम इंडिया के लिए चिंता का कारण : आकाश चोपड़ा



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज और वर्तमान में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे आकाश चोपड़ा ने कहा है कि स्पिनर युजवेंद्र चहल का खराब फार्म भारतीय टीम के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। चहल को आईपीएल के 15 वें सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने के लिए पर्पल कैप मिली थी पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में वह अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं। शुरूआती दोनो ही मैचों में वह केवल एक विकेट ही ले पाये जबकि उन्होंने काफी अधिक रन दे दिये। उन्होंने कहा कि चहल अनुभवी खिलाड़ी हैं। जब उन्हें विश्व कप के लिए जगह नहीं मिली थी तब सभी ने उनका समर्थन किया था पर जिस प्रकार का प्रदर्शन उन्होंने इस सीरीज में वापसी पर किया है उसे अच्छा नहीं कहा जा सकता। उन्होंने अब तक सीरीज में काफी रन दिये हैं। आकाश के अनुसार स्पिनर टीम की उम्मीदों पर सही साबित नहीं हुए। चहल के अलावा अक्षर पटेल भी केवल एक विकेट ही ले पाये। आकाश ने ने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण पर भी सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम कैच छोड़ रही है। इससे जीत के अवसर हाथ से निकल जाते हैं। चोपड़ा ने श्रेयस अय्यर पर बात करते हुए कहा कि अय्यर अफ्रीका के तेज गेंदबाजों के खिलाफ रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखे है। यह भारत के लिए एक और चिंता का कारण है।

# जॉनी बेयरस्टो ने टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड की तरफ से लगाया दूसरा सबसे तेज शतक

**नॉटिंघम, (हि.स.)।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने टेस्ट क्रिकेट में अपने देश के लिए दूसरा सबसे तेज शतक बनाया। बेयरस्टो ने ट्रेंट ब्रिज में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के दौरान मंगलवार को यह उपलब्धि हासिल की, जहां उन्होंने सिर्फ 77 गेंदों में अपना शतक बनाया। इंग्लैंड के लिए सबसे तेज टेस्ट शतक का रिकॉर्ड गिल्बर्ट जेसोप के नाम है, जिन्होंने 1902 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द ओवल में यह कारनामा किया था। दूसरे टेस्ट की बात करें तो इस मैच में जॉनी बेयरस्टो और कप्तान बेन स्टोक्स ने बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन कर इंग्लैंड को न्यूजीलैंड पर पांच विकेट से जीत दिलाई और तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली। यह मैच इसलिए भी खास था कि इस मुकाबले में दोनों टीमों ने पहली पारी में 500 का आंकड़ा पार किया था, जिससे मैच के ड्रा होने की ज्यादा उम्मीथ थी। न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के सामने 299 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य निर्धारित किया, जिसे इंग्लैंड ने पांच विकेट और 20 से अधिक ओवर शेष रहते हासिल कर लिया। 299 रनों का पीछा करते हुए, इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज जाक क्रॉली 12 के कुल स्कोर पर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद ऑली पोप और एलेक्स लीज के बीच दूसरे विकेट के लिए 41 रन की साझेदारी हुई, लेकिन पोप 53 के कुल स्कोर पर 18 रन बनाकर तेज गेंदबाज मैट हेनरी का शिकार बने। रूट कुछ खास नहीं कर सके और केवल 3 रन बनाकर चलते बने। इसके बाद 93 के कुल स्कोर पर एलेक्स लीज 44 रन बनाकर टिम साउथी का शिकार बने। इसके बाद से बेयरस्टो और कप्तान बेन स्टोक्स ने कीवी गेंदबाजों की जमकर खबर ली। खासकर बेयरस्टो एक अलग ही लय में नजर आए और 77 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 179 रनों की साझेदारी हुई। इस साजेदारी को तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने तोड़ा, जिन्होंने बेयरस्टो को ब्लंडेल के हाथों कैच आउट कराया। बेयरस्टो 92 गेंदों में 14 चौकों और सात छक्कों की मदद से 136 रन बनाकर आउट किया। हालांकि, स्टोक्स ने दूसरी तरफ से रन बनाना जारी रखा और 70 गेंदों में 10 चौकों और चार छक्कों की मदद से 75 रन बनाए। विकेटकीपर-बल्लेबाज बेन फॉक्स 12 रन बनाकर नाबाद रहे।



# ब्रैड हॉग ने ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को मूल्यवान खिलाड़ी बताया



**सिडनी (ईएमएस)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व गेंदबाज ब्रैड हॉग ने ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की जमकर सराहना करते हुए कहा है कि भारतीय टीम की कप्तानी उन्हें मिलनी चाहिये थी। भारतीय टीम के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरूआती दो टी20 हारने के बाद कई दिग्गजों ने ऋषभ पंत की कप्तानी पर सवाल उठाये हैं। वहीं हार्दिक की कप्तानी में नई टीम गुजरात टाइटंस को आईपीएल खिलाब मिला था। आईपीएल में पंड्या ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में ही शानदार प्रदर्शन किया था। इसी कारण कई क्रिकेटरों ने पंड्या को कप्तानी का दावेदार माना है। हॉग ने पंड्या को वर्तमान समय का सबसे मूल्यवान टी-20 क्रिकेटर बताया है। हॉग ने कहा कि पंड्या किसी भी क्रम पर आसानी से बल्लेबाजी कर लेते हैं। जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 के अंतिम ओवरों में बल्लेबाजी करने आए और आते ही उन्होंने बड़े शॉट्स खेले। वहीं टीम को जरूरत पड़ने पर वह ऊपरी क्रम पर उतरकर भी पारी संभाल सकते हैं। यह क्षमता कुछ ही खिलाड़ियों में होती है।

# एएफसी एशियाई कप 2023 क्वालीफायर में भारत ने दर्ज की लगातार तीसरी जीत, हांगकांग को 4-0 से हराया

**-सुनील छेत्री शीर्ष पांच सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय गोल करने वालों की सूची में शामिल**




**कोलकाता, (हि.स.)।** सुनील छेत्री के नेतृत्व वाली भारतीय फुटबॉल टीम ने मंगलवार रात यहां साल्ट लेक स्टेडियम में हांगकांग को 4-0 से हराकर एएफसी एशियाई कप 2023 क्वालीफायर के ग्रुप लीडर के रूप में अपना अभियान समाप्त किया। भारतीय टीम को अनवर अली ने मैच के तीसरे मिनट में ही गोल कर 1-0 की बढ़त दिला दी। अली का यह पहला अंतरराष्ट्रीय गोल था। मैच के 45वें मिनट में कप्तान सुनील छेत्री ने गोल कर भारत की बढ़त 2-0 कर दी। छेत्री का टूनार्मेंट में यह चौथा गोल था। इस गोल के साथ ही छेत्री शीर्ष पांच सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय गोल करने वालों की सूची में भी प्रवेश कर गए। पुर्तगाली क्रिस्टियानो रोनाल्डो (117) इस सूची में शीर्ष पर हैं। सुनील अब चौथे नम्बर पर काबिज अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी से सिर्फ दो गोल पीछे है। मध्यांतर तक टीम इंडिया 2-0 से आगे रही। मध्यांतर के बाद मैच के 85वें मिनट में मनवीर सिंह ने गोल कर भारत की बढ़त 3-0 कर दी। अतिरिक्त समय मे ईशान पंडिता ने गोल कर भारत को 4-0 से आगे कर दिया और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

**भारत ने दूसरी बार किया क्वालीफाई** - बता दें कि भारतीय टीम पहले ही एशिया कप 2023 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह दूसरी बार है जब भारतीय टीम ने एशिया कप के लिए क्वालीफाई किया है। इससे पहले साल 2019 में भारतीय टीम ने एशिया कप में खेला था तब उसे तीन में से दो ग्रुप मैच में हार मिली थी और वह आखिरी पायदान पर रहा था।

# सैमसन के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी : कपिल



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के प्रदर्शन पर नाराजगी जताते हुए कहा कि वह अपनी प्रतिभा के अनुरुप पदर्शन नही कर पाया है। आगामी टी20 विश्व कप को लेकर कपिल ने कहा कि अभी भारतीय टीम के पास चार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत, संजू सैमसन, दिनेश कार्तिक और ईशान किशन शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी टीम को अकेले जिताने की क्षमता वाले हैं। अब देखना यह है कि इसमें से किसे विश्व कप के लिए जगह मिली है। कपिल देव ने कहा, अगर मुझे इन तीनों कार्तिक, ईशान, सैमसन में से एक विकेटकीपर का चयन है हो तो मैं कहूंगा कि ये तीनों एक ही स्तर पर हैं। इनमें कोई अंतर भी नजर नहीं आता। ये तीनो ही बल्लेबाजी में एकदूसरे से बेहतर हैं। किसी खास दिन ये तीनों अकेले ही किसी टीम को जिता सकते हैं। विशेष रुप से सैमसन के प्रदर्शन से निराशा हुई है क्योंकि वह बहुत प्रतिभाशाली हैं। इसके बाद भी वह एक से दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद नाकाम हो जाते हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता की वेहद कमी है। वह एक-दो मैचों में रन बनाने के बाद फिर नाकाम रहते हैं। सैमसंग ने अब तक भारतीय टीम की ओर से 13 टी-20 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने कुल 174 रन बनाए हैं जिसमें एक भी अर्धशतक शामिल नहीं है।



ब्रिटेन में यूईएफए फुटबॉल लीग में खेलते हुए इंग्लैंड व हंगरी के खिलाड़ी।

(फोटो-ईएमएस)

# कार्तिक को टी20 विश्वकप में शायद ही जगह मिले : गंभीर

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा है कि विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को शायद ही टी20 विश्व कप में जगह मिलेगी। गंभीर के अनुसार आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के कारण भले ही कार्तिक को भारतीय दल में जगह मिल गयी है पर उनके लिए टीम में जगह बनाना कठिन होगा। गंभीर ने कहा, 'अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। टी20 विश्व कप अभी दूर है। उनको तब तक लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। लेकिन अगर वह सिर्फ आखिरी तीन ओवरों में बल्लेबाजी करना चाहेंगे, तो चीजें काफी मुश्किल हो जाएंगी। भारत टॉप-7 में जरूर चाहेगा कि ऐसा खिलाड़ी हो, जो गेंदबाजी भी कर पाए और ऐसे में अक्षर पटेल अच्छा विकल्प बन जाते हैं।'

गंभीर ने आगे कहा, 'ऐसे मामले में मैं दिनेश कार्तिक को टीम में नहीं रखूंगा। हमारे पास ऋषभ पंत, दीपक हुड्डा जैसे खिलाड़ी हैं।

# मिडफील्डर सोनिका को उम्मीद, अर्जेंटीना के खिलाफ वापसी करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**रॉटरडैम, (हि.स.)।** एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग 2021/22 में बेल्जियम के खिलाफ डबल-हेडर मैच हारने के बाद, भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर सोनिका को उम्मीद है कि टीम अर्जेंटीना के खिलाफ आगामी मैचों में वापसी करेगी। अर्जेंटीना के खिलाफ डबल हेडर मैच नीदरलैंड के रॉटरडैम में 18 जून और 19 जून को खेला जाएगा। भारत बेल्जियम के खिलाफ पहला मैच 2-1 से और दूसरा मैच 5-0 से हार गया था। सोनिका ने कहा, "हम बेल्जियम के खिलाफ मैचों के बाद कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वे दो गेम हमारे लिए सीखने का अनुभव थे और हमने अर्जेंटीना के खिलाफ आगामी मैचों के लिए अपनी रणनीतियों पर काम किया है। हमें उम्मीद है कि हम वापसी करेंगे और अच्छा प्रदर्शन करेंगे।" सोनिका ने यह भी बताया कि कैसे उन्होंने केवल 9 वर्ष की उम्र में हॉकी के खेल में रुचि लेना शुरू कर दिया था। हरियाणा के हिसार में अपने स्कूल में एक अनुभवी हॉकी कोच की यात्रा ने युवा सोनिका में खेल को आगे बढ़ाने की इच्छा जगाई। सोनिका ने कहा, "यह पहली बार था जब मैंने किसी को भारतीय ट्रैक सूट पहने देखा था। मैं वही पहनना चाहती थी और सबसे बड़े प्लेटफॉर्म पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना चाहती थी।" सोनिका के कोच ने उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। तब से उन्होंने हर दिन कठोर प्रशिक्षण शुरू कर दिया। उनके पिता, जो एक वॉलीबॉल खिलाड़ी थे, ने उन्हें खेल को आगे बढ़ाने के लिए पूरा समर्थन दिया। सोनिका ने कहा, "मैं काफी शरारती बच्ची थी।

# भारत के विश्व गुरु बनने से दुनिया से समाप्त होगी अशांतिः मोहन भागवत



**मुजफ्फरनगर, (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि ऊंच-नीच और जात-पात को समाप्त करने से ही उन्नति होगी। देश को आगे बढ़ाने के लिए सबको आगे आकर सहयोग करना होगा। तभी देश विश्वगुरु बनेगा। हमारा देश विश्व गुरु बनेगा तो दुनिया में फैली अशांति समाप्त हो जाएगी। इसमें सभी को सहयोग करना होगा। खतौली स्थित श्री कृष्ण मंदिर के 65वें वार्षिकोत्सव में बुधवार को मुख्य अतिथि के रूप में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत पहुंचे। उन्होंने पहले श्री कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद गुड़ मंडी में आयोजित संत समागम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि अगर देश को विश्वगुरु बनाना है तो सभी को मिलकर साथ चलना होगा। अब देश विश्व गुरु बनने की ओर बढ़ रहा है। जिसका प्रभाव दुनिया में दिखाई दे रहा है। इंसान के लिए सबसे बड़ा धर्म होता है। अगर इंसान अपने धर्म से भटक जाता है तो वह संभल नहीं पाता। हिंदू समाज को अपने धर्म पथ पर चलना होगा। एक जमाना था, जब मंदिरों में धर्म के अलावा रोजगार, कला और शिक्षा संचालित होती थी। विदेशियों ने भारत आकर सबसे पहले हमारी इसी शक्ति को खत्म किया। उन्होंने कहा कि धर्म पर संकट आते हैं। दुष्ट और अधर्मी आक्रमण करते हैं। ऐसे समय में शक्ति के साथ सुशील रहना भी जरूरी है। यथाशक्ति के स्थान पर अधिकतम करने की आदत बनाएं। हम मंदिर जाएं, संतों को सुनें और धर्म आचरण के साथ अपनी सुरक्षा करें। सेवा धर्म का एक अंग है। दूसरों की मदद करना ही सेवा है। सरसंघचालक ने कहा कि सत्य को जानने के लिए मनुष्य का पवित्र होना जरूरी है। उपदेश किसी भी पंथ और संप्रदाय के लिए लाभकारी होता है। संतों की बात सुनने से हमारा अहंकार दूर होगा। इसके बाद सरसंघचालक ने मंसूरपुर क्षेत्र में जाकर स्थानीय स्वयंसेवकों के साथ भी संवाद किया।

**सुरक्षा में तैनात दो एएसपी और चार सीओ** – आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत के खतौली में आगमन को लेकर उनकी सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए। इसके लिए दो एएसपी, तीन सीओ समेत 300 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। गुड़ मंडप में कार्यक्रम के कारण बाजार को बंद कर दिया गया और वाहनों का रूट डावर्जन किया गया। खुद एसपी यातायात कुलदीप सिंह ने यातायात व्यवस्था को संभाला तो सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय के पास रहा।

## देशमुख-मलिक की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई 16 जून तक टली

**मुंबई, (हि.स.)।** बांबे हाईकोर्ट ने समय की कमी की वजह से बुधवार को महाराष्ट्र विधानपरिषद चुनाव में मतदान की अनुमति के लिए दाखिल पूर्व मंत्री अनिल देशमुख और मंत्री नवाब मलिक की याचिका पर सुनवाई 16 जून तक के लिए टल गई है। अनिल देशमुख तथा नवाब मलिक ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर 20 जून को होने वाले विधानपरिषद चुनाव में मतदान की अनुमति मांगी है। इस याचिका पर सुनवाई बुधवार को जज एन. जमादार की कोर्ट में होने वाली थी लेकिन उन्होंने आज सुनवाई के लिए ज्यादा मामलों को देखते हुए कल इस याचिका पर सुनवाई करने का सुझाव दिया। इसके बाद अनिल देशमुख तथा नवाब मलिक के वकील ने जज एन. जमादार के सुझाव पर सहमति दे दी। इसके बाद जज एन.जमादार ने इस मामले की सुनवाई कल तक के लिए स्थगित कर दी। राज्यसभा चुनाव में मतदान की अनुमति के लिए भी अनिल देशमुख तथा नवाब मलिक ने मुंबई की विशेष कोर्ट में अनुमति मांगी थी, जिसे विशेष कोर्ट ने नामंजूर कर दिया था। इसके बाद दोनों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की जिसे भी हाईकोर्ट ने नामंजूर कर दिया। अब अनिल देशमुख तथा नवाब मलिक ने विधान परिषद चुनाव में मतदान के लिए हाईकोर्ट से अनुमति मांगी है। दोनों नेताओं को मनी लॉड्रिंग मामले में गिरफ्तार करके मुंबई के आर्थर रोड जेल में रखा गया है।

## कैबिनेट ने 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दूरसंचार विभाग के स्पेक्ट्रम नीलामी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके माध्यम से सफल बोलीदाताओं को जनता और उद्यमों को 5जी सेवाएं प्रदान करने के लिए स्पेक्ट्रम सौंपा जाएगा। रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी की घोषणा को भारतीय दूरसंचार के लिए एक नए युग की शुरूआत करार दिया। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार 20 साल की वैधता अवधि के साथ कुल 72097.85 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम की नीलामी इस साल जुलाई अंत तक शुरू हो जाएगी। सरकार ने 9 स्पेक्ट्रम की नीलामी की योजना बनाई है। इसमें 600 मेगाहट्र्ज, 700 मेगाहट्र्ज, 800 मेगाहट्र्ज, 900 मेगाहट्र्ज, 1800 मेगाहट्र्ज, 2100 मेगाहट्र्ज, 2300 मेगाहट्र्ज बैंड की नीलामी होगी। डिजिटल कनेक्टिविटी अपने प्रमुख कार्यक्रमों जैसे डिजिटल इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, मेक इन इंडिया आदि के माध्यम से सरकार की नीतिगत पहलों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। ब्रॉडबैंड, विशेष रूप से मोबाइल ब्रॉडबैंड, नागरिकों के दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। 2015 के बाद से देश भर में 4जी सेवाओं के तेजी से विस्तार के माध्यम से इसे एक बड़ा बढ़ावा मिला है। 2014 में दस करोड़ ग्राहकों की तुलना में आज 80 करोड़ ग्राहकों की ब्रॉडबैंड तक पहुंच है। ऐसी नीतिगत पहलों के माध्यम से सरकार अंत्योदय परिवारों तक मोबाइल बैंकिंग, ऑनलाइन शिक्षा, टेलीमेडिसिन, ई-राशन आदि तक पहुंच को बढ़ावा देने में सक्षम हुई है। देश में बनाया गया 4जी इकोसिस्टम अब 5जी स्वदेशी विकास की ओर ले जा रहा है। भारत के 8 शीर्ष प्रौद्योगिकी संस्थानों में 5जी टेस्ट बेड सेटअप भारत में घरेलू 5जी तकनीक के लॉन्च को गति दे रहा है। मोबाइल हैंडसेट, दूरसंचार उपकरणों के लिए पीएलआई (उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन) योजनाएं और भारत सेमीकंडक्टर मिशन की शुरूआत से भारत में 5जी सेवाओं के शुभारंभ के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। वह समय दूर नहीं जब भारत 5जी तकनीक और आने वाली 6जी तकनीक के क्षेत्र में एक अग्रणी देश के रूप में उभरने वाला है। स्पेक्ट्रम पूरे 5जी इको-सिस्टम का एक अभिन्न और आवश्यक हिस्सा है। आगामी 5जी सेवाओं में नए युग के व्यवसाय बनाने, उद्यमों के लिए अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न करने और नवीन उपयोग-मामलों और प्रौद्योगिकियों की तैनाती से उत्पन्न होने वाले रोजगार प्रदान करने की क्षमता है। यह उम्मीद की जाती है कि मिड और हाई बैंड स्पेक्ट्रम का उपयोग दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा गति और क्षमता प्रदान करने में सक्षम 5जी प्रौद्योगिकी-आधारित सेवाओं को रोल-आउट करने के लिए किया जाएगा, जो वर्तमान 4जी सेवाओं के माध्यम से संभव की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक होगा।

## पंजाब पुलिस को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की 7 दिन की रिमांड मिली



**चंडीगढ़ (ईएमएस)।** मशहूर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में पंजाब पुलिस ने बुधवार को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की 7 दिन की रिमांड हासिल की है। पंजाब पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई को सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में मनसा के चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया था। इससे पहले दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने पंजाब पुलिस को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में गिरफ्तार करने की अनुमति दी थी। अदालत ने पंजाब पुलिस को लॉरेंस बिश्नोई को पंजाब ले जाने की अनुमति भी दी थी. अब पंजाब पुलिस लॉरेंस बिश्नोई को मौहाली ले जा रही है। पंजाब पुलिस के ट्रांजिट आवेदन पर लॉरेंस के वकील विशाल चोपड़ा ने अदालत में कहा था कि बिश्नोई की जान को खतरा है। अगर लॉरेंस बिश्नोई को पंजाब भेजने की अनुमति दी गई, तब उसकी हत्या हो सकती है। बिश्नोई के वकील का कहना था कि वे वर्चुअल जांच और सुनवाई के विरोध में नहीं हैं। लॉरेंस के वकील का कहना था कि वे केवल बिश्नोई को पंजाब भेजने का विरोध कर रहे हैं। अगर पंजाब पुलिस को जरूरत हो, तब लॉरेंस बिश्नोई को गिरफ्तार करे, लेकिन उसे केवल दिल्ली में ही रखा जाए। गौरतलब है कि पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की मनसा जिले के जवाहर के गांव में 29 मई को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उससे केवल एक दिन पहले ही पंजाब पुलिस ने सिद्धू मूसेवाला की सुरक्षा को वापस लिया था।

## महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री अनिल परब नहीं पहुंचे ईडी दफ्तर

**मुंबई, (हि.स.)।** महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री अनिल परब बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर नहीं पहुंचे। उन्होंने वकील के माध्यम से ईडी को पत्र लिखकर पेश होने के लिए समय मांगा है। पत्र में कहा गया है कि वह मुंबई से बाहर हैं। इसलिए उन्हें समय दिया जाना चाहिए। ईडी मंगलवार शाम को परब को नोटिस जारी कर बुधवार सुबह 11 बजे मुंबई स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित होने का नोटिस जारी किया था। यह नोटिस रत्नागिरी जिले में स्थित दापोली में साई रिजार्ट के बारे में पूछताछ के लिए जारी किया गया था। इससे पहले ईडी अनिल परब के आवास और उनके नजदीकियों के आवास पर छापा मार चुका है। बताया गया है कि साई रिजार्ट की जमीन अनिल परब ने 2017 में एक करोड़ रुपये में खरीदी थी। बाद में इसे परब ने एक करोड़ 10 लाख रुपये में सदाभाऊ कदम को बेच दिया था। इस लेनदेन में ईडी ने कदम से पूछताछ की थी।

## नफरत और बदले की राजनीति कर रही है केंद्र सरकार : पायलट



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने राहुल गांधी से प्रवर्तन निदेशालय की पूछताछ को साजिश करार दी है। उन्होंने केन्द्र सरकार पर नफरत और बदले की राजनीति करने का आरोप लगाया है। पायलट ने कहा भाजपा असत्य, अन्याय और अनीति से सत्य को दबाने की कोशिश कर रही है। लेकिन इसमें वह कभी सफल नहीं होंगे। पायलट ने कहा कि सरकार के पास हमारी आवाज दबाने का अधिकार तो नहीं हैं लेकिन मोदी सरकार कांग्रेस के शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर रोक लगा रही है। ईडी द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से पूछताछ के विरोध में बुधवार को दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेता सचिन पायलट को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इस दौरान पाइलट ने कहा कि जिस प्रकार से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को परेशान करने के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। वह स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। हम इसका विरोध करते हैं। पायलट ने आरोप लगाया है कि दिल्ली पुलिस पार्टी मुख्यालय में घुस कर लाठीचार्ज कर रही है। साथ ही उनके नेताओं को नजरबंद कर रही है। उल्लेखनीय है कि ईडी धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत राहुल गांधी से आज तीसरे दिन पूछताछ कर रही है। ईडी के इस कदम के विरोध में कांग्रेस बीते दिनों से दिल्ली में प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में आज कांग्रेस नेता सचिन पायलट को भी दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ली है।

## आतंकी फंडिंग मामले में कश्मीर में कई जगहों पर एनआईए की छापेमारी




**श्रीनगर, (हि.स.)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में आतंकी फंडिंग मामले से जुड़े कई स्थानों पर तलाशी ली। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में एनआईए की छापेमारी अभी भी जारी है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) आतंकी फंडिंग मामले में कश्मीर के बारामूला और श्रीनगर जिलों में छापेमारी कर रही है। एनआईए ने उधमपुर जेल में बंद बारामूला के पुराने शहर स्थित जहूर अहमद मल्ला के निवास पर छापा मारा है। इसके अलावा ख्वाजाबाग बारामूला में मेहराज दीन भट और दीवान कॉलोनी निवासी पहलगाम स्थित होटल हिल्टन के मालिक फिरोज अहमद शेख, खालिद शेख, जहूर शेख के निवास में छापेमारी की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि छापेमारी पूरी होने के बाद आगे की जानकारी मीडिया के साथ साझा की जाएगी।

## डब्ल्यूएचओ को कोलकाता में मिले पोलियो के जीवाणु, चिंता बढ़ी



**कोलकाता, (हि.स.)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक नाले के जल में पोलियो के जीवाणु मिले हैं। इसे लेकर राज्य स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की भी चिंता बढ़ गई है। इस संबंध में राज्य के स्वास्थ्य निदेशक सिद्धार्थ नियोगी ने कहा, "पोलियो वायरस मटियाब्रुज इलाक में पाया गया है। क्षेत्र में आवश्यक निगरानी कार्यक्रम चल रहा है। निवारक उपाय किए गए हैं। इस बात की भी जांच की जा रही है कि कहीं किसी में संक्रमण तो नहीं हुआ है।" उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में आवश्यक दिशा निदेशों वाला पत्र पहुंच चुका है। इसमें कहा गया है कि अगर एक जन्मजात रोग अथवा रोग प्रतिरोधक क्षमता कम वाला कोई बच्चा भर्ती कराया जाता है, तो मल की तत्काल जांच करना जरूरी है। इसके अलावा ऐसे बच्चों के अभिभावकों से खुले में शौच नहीं जाने को भी कहा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने बताया है कि पोलियो संक्रमण की स्थिति को समझने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विभिन्न हिस्सों से जल के नमूने संग्रह किए थे। इसी दौरान मई महीने के अंत में कोलकाता नगर निगम के अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र मटियाब्रुज इलाके के नाले के पानी से पोलियो के जीवाणु मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि पोलियो के भीभीपीभी टाइप वन जीवाणु मिले हैं। इससे पहले साल 2011 में हावड़ा की एक दो साल की बच्ची के शरीर में पोलियो का संक्रमण हुआ था। उसके बाद आज तक संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आया है। उस बच्ची में पोलियो का संक्रमण देश का आखरी पोलियो संक्रमण भी था। उसके बाद 2014 के 17 मार्च को डब्ल्यूएचओ ने भारत को पोलियो मुक्त देश घोषित कर दिया था।कोलकाता में पोलियो जीवाणु के मिलने के बाद जांच क्रिया शुरू की जा रही है।

**हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख**

**प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार**

**सहयोगी संरक्षक**

**अनिल सेठी**
**नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक**

**संपादन सहयोगी - मोहित शुक्ला**

**सदस्य एवं रिपोर्टर**

•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
▪ पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल )

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।**

समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

**विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।**

**S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092**
संपर्क – 011-35631400
Customer Care No.
83750 00628

**ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN**

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE


| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹ 1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹ 60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹ 90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹ 66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹ 36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹ 51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹ 36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹ 21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹ 30,000/- |

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-

DELHI CRIME 16 june 2022:Layout 1 6/15/2022 8:38 PM Page 8



# 23 दिसंबर को रिलीज होगी टाइगर स्टारर एक्शन थ्रिलर 'गणपथ'




**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में रिलीज हुई 'केजीएफ', 'विक्रम' और 'आर-आरआर' जैसी बड़ी फिल्मों के साथ एक्शन जॉनर में फिर से जान आ गई है। एक्शन सुपरस्टार टाइगर श्रॉफ एक्शन थ्रिलर 'गणपथ' की क्रिसमस रिलीज के लिए तैयार हैं। प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने कहा गणपथ' कुछ ऐसा है जिसे हमने भारतीय सिनेमा में पहले कभी नहीं देखा है। यह दिमाग को उड़ाने वाला आईडिया है, फिल्म एक विश्व स्तरीय स्पेशल इफेक्ट है। यह क्रिसमस पर बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने जा रहा है। एक सूत्र के अनुसार हीरोपंती' की सबसे पसंदीदा नवोदित जोड़ी टाइगर और कृति सैनन फिर से जुड़ रहे हैं। निमार्ता क्रिसमस के सप्ताहांत को इसकी रिलीज के लिए उपयोग करने का लक्ष्य बना रहे हैं। जैकी भगनानी पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले फिल्म का संचालन कर रहे हैं। फिल्म के कलाकारों में स्वीडिश-ग्रीक अभिनेत्री एली अवराम, मलयालम स्टार रहमान और रॉब हॉरोक्स भी शामिल हैं। यूके की शूटिंग पूरी करने के बाद, टाइगर श्रॉफ ने लद्दाख में सबसे चुनौतीपूर्ण एक्शन शेड्यूल को पूरा किया। फिल्म इसी साल 23 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

# सबसे बड़ी चुनौती होती है अपने मकान को घर कैसे बनाएं : मीरा कपूर



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** एचएंडएम इंडिया ने मीरा कपूर के साथ वसंत कुंज के एंबिएंस मॉल में अपने मौजूदा स्टोर में एचएंडएम होम की दुनिया का जश्न मनाया। ब्रांड हर कमरे और शैली के लिए आधुनिक सजावट और सहायक उपकरण प्रदान करता है। नया डिजाइन किया गया स्टोर नवीनतम आंतरिक रुझानों और उत्पादों के साथ-साथ नवीनतम ग्रीष्मकालीन संग्रह प्रदान करता है, जो सुंदर ग्रीक द्वीपों से प्रेरित है। स्टोर पर इस शाम ने सभी श्रेणियों में नवीनतम संग्रह का प्रदर्शन किया, जो मेहमानों को एक गतिशील और इमर्सिव शॉपिंग अनुभव प्रदान करता है। मीरा कपूर कहती हैं मैं एचएंड एम होम के उत्सव का हिस्सा बनकर खुश हूं, जहां प्रत्येक संग्रह को वास्तविक जीवन के लिए, वास्तविक जरूरतों के लिए और सभी के लिए बहुत सोच-समझकर डिजाइन किया गया है। एच एंड एम होम को ऑनलाइन और ऑफलाइन पेश करना, एच एंड एम इंडिया के लिए वास्तव में एक ऐतिहासिक क्षण रहा है। हमारे नए स्टोर के स्टाइलिश और स्वागत करने वाले माहौल के साथ, हम फैशन और डिजाइन की पेशकश करने के लिए दृढ़ हैं जो लोगों को प्रेरित करने और अपनी व्यक्तिगत शैली व्यक्त करने में सक्षम बनाता है। एचएंडएम इंडिया की कंट्री सेल्स मैनेजर यानिरा रामिरेज कहती हैं सस्टेनेबिलिटी सुनिश्चित करना हमारे हर काम की रीढ़ है। आईएएनएसलाइफ ने कपूर से उनकी सजावट शैली, आंतरिक प्राथमिकताओं और पसंदीदा उत्पादों के बारे में जानने के लिए विशेष रूप से बात की। आपका घर आपके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ बताता है, यह आपका ही विस्तार है, क्या आप सहमत हैं, मीरा कपूर ने कहा मैं सहमत हूं, आपका घर आपके व्यक्तित्व का एक विस्तार है और यह विशेष रूप से महामारी और दूसरे लॉकडाउन के बाद सच है। इस दौरान हमारे घर हमारी सुरक्षित जगह बन गए थे। एक बार इंटीरियर डिजाइनर के साथ हो जाने के बाद अपने घर को एक्सेसरीज के साथ वैयक्तिकृत करना कितना महत्वपूर्ण है? मीरा कपूर ने कहा अपने घर को डिजाइन करना केवल आधा काम है। मैं मानती हूं कि आपके स्थान को निजीकृत करने से घर एक घर बन जाता है। निजीकरण मुझे मुझमें रचनात्मकता को प्रेरित करने में मदद करता है और मेरे घर को और अधिक स्वागत योग्य बनाता है। यह मेरे स्वाद को दशार्ता है और जिस पर मैं वास्तव में विश्वास करता हूं।

# पंकज त्रिपाठी सहित कई युवा अभिनेताओं को ओटीटी ने दिलाई पहचान



**मुंबई (ईएमएस)।** इन दिनों ओटीटी टीवी और फिल्मों को कड़ी टक्कर दे रहा है। आज के समय में अधिकतर कलाकार ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपना जलवा दिख रहे हैं। क्योंकि इसकी पॉप्युलैरिटी सबसे ज्यादा है। समय के साथ-साथ नई और अलग कहानी भी देखने को मिलती है। इसके आने से वैसे भी लोगों को काम भी मिल रहा है। हर छोटा-बड़ा कलाकार इससे ही अब चमक रहा है। अब कालीन भइया को ही देख लीजिए। अरे भाई पंकज त्रिपाठी और कौन। इन्होंने अपने करियर में कितना काम किया। कई फिल्मों में आपने इन्हें देखा भी लेकिन सबसे ज्यादा पसंद किस पर किया गया? ओटीटी पर। अलग-अलग टशन और भौकाल के साथ इन्होंने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। भरी सभा में इन्होंने इस बात को कबूला भी है। दरअसल, मुंबई में एक प्रोग्राम हुआ। यह एक लांच इवेंट था। ओटीटी प्ले प्रीमियम का। यहां पंकज त्रिपाठी स्पेशल गेस्ट के तौर पर आमत्रिंत किए गया। वह आए। वहां उन्होंने ओटीटी पर खूब सारा बोला। कहा कि उन्हें ओटीटी से ही वहां सम्मान मिल रहा है, जिसके वह हकदार हैं। उनका कहना है कि जब इस प्लेटफॉम ने इंडिया में कदम रखा तब लोगों ने इसे टीवी के रूप में देखा। लेकिन अब इसकी एहमियत समझ आ रही है क्योंकि इसकी पहुंच हम सभी की कल्पनाओं से ही परे है। पंकज त्रिपाठी ने साल 2004 में आई फिल्म 'रण' से बॉलिवुड डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने साल 2010 में 'गुलाल' टीवी सीरियल में भी हाथ आजमाया था। फिर 2018 में इन्होंने प्राइम की वेब सीरीज 'मिजार्पुर से ओटीटी पर नई पारी खेली थी। इसके बाद वह 'सेक्रेड गेम्स' में भी कमाल-धमाल करते हुए दिखाई दिए थे। मतलब ओटीटी पर आए ये ठीक चार साल पहले। लेकिन करियर शुरू किया 18 साल पहले। हालांकि उसके भी पहले वह थिएटर्स में लोहा मंजवा रहे थे। अब इसी का जिक्र करते हुए वह कहते हैं कि अगर ओटीटी पहले आ जाता, तब वह अपने करियर में बहुत जल्दी आगे बढ़ जाते। उन्हें 47 सालों तक इंतजार न करना पड़ता। वह थिएटर के बाद से ही लोगों को एंटरटेन करते रहते। पंकज त्रिपाठी के मुताबिक, ओटीटी के आने से लोगों के लिए बतौर आर्टिस्ट स्ट्रगल भी कम हुआ है। 'यहां की प्राथमिकता अभियन आनी चाहिए। उतना ही है यहां। मेरे सभी दोस्त व्यस्त हैं। अभी आप अच्छे अभिनेता को बॉम्बे में ढ-ूढने जाओ तब पता चलता है कि वह ये कर रहे हैं, वहां किसी और में हैं। पहले सिनेमा में तो हीरो-हिरोइन, एक विलेन और एक पुलिस इंस्पेक्टर होता था। लेकिन ओटीटी में कई सारे इंस्पेक्टर्स हैं। अब उनका भी रोल लिखा जा रहा है। और यहां सबको काम भी मिल रहा है, तब ये अच्छा हुआ है ओटीटी से।' फिल्मों के बॉक्स ऑफिस की तरह क्या ओटीटी में भी मेकर्स को इसका सिर दर्द होता है या नहीं, इस पर पंकज ने कहा कि वह इन बातों पर ध्यान नहीं देते हैं। क्योंकि उनके हाथ में सिर्फ अभिनय करना है। कमाई होगी या नहीं, ये हमारे बस में नहीं है।

# रितेश ने राखी सावंत को लीगल एक्शन की धमकी दी



राखी सावंत ने अपने एक्स-हसबैंड रितेश के खिलाफ उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स हैक करने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद रितेश ने एक इंटरव्यू में कहा कि वो राखी पर लीगल एक्शन लेंगे। जिस पर राखी ने हाल ही में रिएक्ट करते हुए कहा कि वो उसे फेस करने के लिए तैयार हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि रितेश उन्हें अनपढ़-गंवार बोला करता था। राखी से एक इंटरव्यू में जब पूछा कि रितेश ने उन पर करोड़ो रुपए खर्च करने और कार गिफ्ट करने की बात कही है। राखी ने इस पर बताया, "वह झूठ बोल रहा है। मैं आपको बताती हूं जो ज्वैलरी उसने मुझे दी वो नकली थी। मुझे अपनी मां के इलाज के लिए पैसे चाहिए थे, तो मैं वो ज्वैलर के पास उसे बेचने गई। उसने मुझ पर हंस कर बताया कि यह सोना असली नहीं है। वो जेवर मेरे पास अभी तक हैं। चांदी के जेवर पर सोने का पानी लगाया गया था।"

# प्रियंका चोपड़ा की नई तस्वीर ने पति निक का दिल धड़का दिया




**मुंबई (ईएमएस)।** प्रियंका चोपड़ा इनदिनों वहां अभिनेत्री हैं, जिनके चर्चे सिर्फ बॉलीवुड में ही नहीं बल्कि हॉलीवुड में ही खूब होते हैं। सोशल मीडिया पर सक्रिय देसी गर्ल अक्सर अपने नए पोस्ट के लिए सिर्फ फैंस को ही सरप्राइज्ड नहीं करतीं, बल्कि कई बार तो अपनी तस्वीरों के जरिए वह अपने पति निक जोनास को भी हैरान कर देती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी नई दो तस्वीरों और वीडियो शेयर कर निक का दिल एक बार फिर धड़का दिया। प्रियंका ने अपनी ग्लैमरस तस्वीरों को साथ एक वीडियो शेयर किया है। तस्वीर में देसी गर्ल व्हाइट कलर की शर्ट में नजर आ रही हैं और उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है। तस्वीरों को देख निक जोनास खुद को रोक नहीं सके और तस्वीरों पर रिएक्ट कर बैठे। प्रियंका ने अपनी ये तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में किस वाली इमोजी के साथ लिखा है,ह्यस्नैक। प्रियंका का ये लिक उनकी अपकमिंग वेब सीरीज सिटाडेल से है। हाल ही में वह पैरिस में अपनी एक ब्रांड ट्रिप के बाद शूटिंग सेट पर लौट आई हैं और उन्होंने ये तस्वीरें फैंस के लिए शूटिंग सेट से ही शेयर की हैं। बॉलीवुड और हॉलीवुड के कई दोस्तों के साथ फैंस भी प्रियंका की इस तस्वीर पर रिएक्ट कर रहे हैं।

# 'जुगजुग जियो' के कलाकारों ने मुंबई मेट्रो से किया सफर



**मुंबई (ईएमएस)।** वायाकॉम18 स्ट-ूडियोज और धर्मा प्रोडक्शंस बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जुग जुग जियो' के प्रमोशन में वरुण धवन, कियारा आडवाणी और अनिल कपूर इन दिनों काफी व्यस्त हैं। आज फिल्मसिटी में एक रियालिटी शो की शूटिंग के बाद दूसरे कॉमेडी शो में जाने के लिए उन्होंने मेट्रो से यात्रा का विकल्प चुना। गोरेगांव में 'सुपरस्टार सिंगर 2' की शूटिंग पूरी करने के बाद, कलाकारों को मराठी शो - 'चला हवा येऊ दया' के सेट पर जाने के लिए दहिसर पहुचना था। इसलिए समय बचाने और ट्रैफिक की समस्या से छुटकारा पाने के लिए उन्होंने अपनी अपनी गा-ड़ियों को छोड़ मुंबई मेट्रो का सहारा लिया और निर्धारित समय पर मराठी शो के सेट पर पहुँचे। सुपरहिट फिल्म 'गूड न्यूज' के बाद निर्देशक राज मेहता 'जुग जुग जियो' के साथ फिर एक बार पारिवारिक मनोरंजन लेकर आ रहे हैं। फिल्म 'जुग जुग जियो' फैमिली एंटरटेनर पैकेज के रूप में सिनेदर्शकों के लिए 24 जून 2022 को रिलीज होगी।

# सारा अली खान को आई सुशांत सिंह राजपूत की याद



दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की आज दूसरी बरसी है। ऐसे में हर किसी के जहन में सुशांत की यादें ताजा हो गईं हैं। सोशल मीडिया के जरिये हर कोई अपने चहेते स्टार स-ुशांत सिंह राजपूत को याद कर रहा है। इस कड़ी में एक नाम सारा अली खान का भी है। सारा अली खान ने अपनी और सुशांत की फिल्म केदारनाथ के सेट से एक तस्वीर साझा की है। तस्वीर में सारा के साथ सुशांत भी नजर आ रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए सारा ने लिखा -पहली बार कैमरे का सामना करने से लेकर आपके टेलिस्कोप से जूपिटर और चांद को देखना। कई चीजें केवल आपकी वजह से ही हो पाई हैं। मुझे वो ढेर सारी यादें और लम्हे देने के लिए आपका शुक्रिया। आज पूर्णमासी की रात पर जब मैं आसमान की ओर देखती हूं तो मुझे मालूम होता है कि आप वहां अपने पसंदीदा चमकते सितारों के बीच होंगे। अभी भी और हमेशा के लिए भी।' सोशल मीडिया पर सारा का यह पोस्ट वायरल हो रहा है। गौरतलब है कि अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी केदारनाथ 7 दिसंबर, 2018 को रिलीज हुई एक रोमांटिक -ड्रामा फिल्म थी। फिल्म में सारा और सुशांत के अभिनय को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। स-ुशांत सिंह राजपूत अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन आज भी हर किसी के लिए सुशांत सिंह राजपूत को भुलाना नामुमकिन सा है। सुशांत सिंह राजपूत ने 14 जून, 2020 को मुंबई स्थित अपने फ्लैट में सुसाइड कर लिया था।

# भूषण कुमार ने कार्तिक आर्यन को बताया सपोर्टिव

प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने सेलिब्रिटिज के फीस बढ़ाने और इसके फिल्मों पर प्रभाव के बारे में बात की है। भूषण ने इंटरव्यू में खुलासा किया कि अगर एक्टर्स की फीस ज्यादा होगी, तो उन्हें फिल्म का बजट कम करना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि कार्तिक इस मामले में हमेशा सपोर्टिव रहे हैं। कार्तिक ने उनकी फिल्म शहजादा को फाइनेंशियली भी सपोर्ट किया है। भूषण कुमार ने कहा, "आज के दौर में लोग सिनेमा को बड़ा देखना चाहते हैं और उसके लिए आपको फिल्मों में ज्यादा पैसा लगाना पड़ता है। ऐसी फिल्में एक्टर्स के सपोर्ट और उनके क्रेडिट के बिना नहीं बन सकती। इंडस्ट्री में बहुत से एक्टर्स ऐसा कर रहे हैं, जैसे की कार्तिक आर्यन। उन्होंने हमें बहुत सपोर्ट किया है। आज के जमाने में अगर एक्टर की फीस ज्यादा होगी, तो हमें बजट पर कॉम्प्रोमाइज करना पड़ेगा।"

# वापस आ रहा है मौत का खूनी खेल



भारत समेत दुनियाभर में पॉपुलर हुई साउथ कोरियन वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' के फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। इस डार्क कोरियन ड्रामा वेब सीरीज के मेकर्स ने हाल ही में इसके दूसरे पार्ट की अनाउंसमेंट कर दी है। 'स्क्विड गेम' के डायरेक्टर, राइटर, प्रोड्यूसर और क्रिएटर ह्वांग डोंग-हुकू ने यह घोषणा की है। वेब सीरीज के दूसरे पार्ट को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर जल्द ही रिलीज किया जाएगा। मेकर्स की ओर से 'स्क्विड गेम' के दूसरे पार्ट का कंर्फमेशन मिलने के बाद नेटफ्लिक्स ने वेब सीरीज के डायरेक्टर ह्वांग डोंग-हुकू का फैंस के लिए एक स्पेशल मैसेज सोशल मीडिया पर शेयर किया है। नेटफ्लिक्स ने वेब सीरीज का एक 10 सेकेंड का वीडियो टीजर शेयर कर लिखा, "रेड लाइट ... ग्रीन लाइट! स्क्विड गेम ऑफिशियली सीजन 2 के साथ वापस आ रहा है।" सीरीज का यह टीजर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो राह है।

# करण कुंद्रा ने किया फराह खान को किस



टीवी एक्टर करण कुंद्रा ने हाल ही में एक फनी वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जिसमें करण, फराह के हाथ को किस करते हुए दिख रहे हैं। फराह करण से पूछती हैं, "तेजा में ऐसा क्या है, जो मुझमें नहीं?" इस पर करण थोड़ा सोचकर कहते हैं, "कुछ नहीं।" जिसके बाद तेजस्वी प्रकाश पीछे से चिल्लाती हैं, "तुम सीरीयस हो?" करण तुरंत अपनी बात से पलट कर कहने लगते हैं कि वो शादी की डेट्स डिसा-इड कर रहे थे। करण ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, "कैसी कैसी खतरनाक सिचुएशंस से संभलना पड़ता है एक भले लड़के को।

## सूडोकु नवताल- 6103

★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6102 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 6850

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | आ | ए | का | धि | का | र | प | क |
| न | का | क | दि | इं | डो | ने | ग | ति | मा | री |
| अ | दा | र | ला | मा | ग | अ | द | ह | प | म |
| है | द | रा | बा | द | न | स | नं | ह | लि | न |
| त | अ | अ | द | न | कृ | ष्णा | ह | त | न | ग |
| ख | म्म | न | र | व | प | का | त | ह | पु | र |
| ग | मा | ल | मा | व | चि | ला | र | मा | न | र |
| र | न | भा | र | न | प | तु | रा | ल | वि | ला |
| क | गुं | बा | क | ड | प्पा | प | र | न | जू | दे |
| र | टु | ति | मा | न | सिं | ब्रा | रु | का | प | श |
| बां | र | ल | प | रु | स | क | र्नू | ल | र | र |

*शब्द जाल में आंध्रप्रदेश के10 जिलों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.*

आदिलाबाद, हैदराबाद, अनंतपुर, गुंटुर, चितुर, कृष्णा, कर्नूल, कडप्पा, खम्मन करीमनगर,

**शब्दजाल - 6849 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | न | सी | ब | आ | ज | धे | मा | जी |
| रा | वि | ली | प्रे | क | न्या | स | द | ज | कां | ड़ |
| चु | बा | र | पे | टा | छ | मि | रां | ब | वृ | डि |
| इं | नौ | ब | न | बा | वा | स | ग | ल | ष | ब्रु |
| बो | आ | मी | ल | म | चा | न | क्रो | न | भ | ग |
| य | ग | न | र | रा | गो | ली | ती | जो | घ | ढ़ |
| द | सं | ई | ग | ट्रे | न | ला | स | र | व | स |
| धु | ह | अ | गां | द | ब | क | घा | हा | श | क |
| ब | म | तु | ला | व | म | स | या | ट | र | आ |
| री | गॉ | ल | क | छा | र | कुं | भ | म | प | द |
| क | ड | क | र्क | या | क | र्त | का | म | रू | प |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5803

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | | | 2 | | 3 |
| | 35 | 6 | 30 | 1 | 32 | 7 |
| 7 | 5 | | 3 | | 4 | |
| | 29 | 2 | 31 | 4 | 31 | |
| 2 | 4 | | | | 6 | |
| | 29 | | 40 | 5 | 34 | 6 |
| 5 | 1 | 3 | | 7 | | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 5802 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 39 | 1 | 29 | 6 | 26 | 5 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 4 | 30 | 2 | 25 | 1 | 34 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 6 | 30 | 6 | 39 | 4 | 35 | 3 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000628, For News & Advertisement- 8588881461, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in